# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 19 मई 2025



Feeling better starts
with feeling cared for.

*नई दिल्ली। दुनिया को बार-बार एक ही डर से डराया जाता रहा है कि यदि न्यूक्लियर जंग छिड़ गई तो ये दुनिया खत्म हो जाएगी। सवाल ये उठता है कि क्या वाकई इंसानों ने इतने न्यूक्लियर बम बना लिए हैं कि इस पूरी धरती को तबाह किया जा सके? क्या 7 अरब इंसानों को एक साथ मार डालने की ताकत इंसान के पास है? इस सवाल का जवाब तलाशने के लिए सबसे पहले ये समझना जरूरी है कि फिलहाल दुनिया में कितने परमाणु या उससे भी खतरनाक हाइड्रोजन बम हैं और कौन सा देश सबसे खतरनाक बम का मालिक है, जिसे 'डेड हैंड' या 'डूम्स डे डिवाइस' भी कहा जाता है। साथ ही ये जानना भी जरूरी है कि आखिर न्यूक्लियर बम की ये होड़ शुरू कहां से हुई थी?*

# 9 देश, 12000 न्यूक्लियर बम, सिर्फ 500 से ही खत्म हो सकती है दुनिया...

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**पूरी दुनिया में कितने देश, कितनी जनसंख्या :** संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इस वक्त पूरी दुनिया में 193 देश हैं लेकिन 12 ऐसे भी देश हैं जो संयुक्त राष्ट्र के सदस्य नहीं हैं। यानी कुल मिलाकर दुनिया में 205 देश मौजूद हैं। इन 205 देशों में लगभग 7 अरब लोग रहते हैं। पूरी दुनिया 51 करोड़ वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैली है, लेकिन इसमें से 71 प्रतिशत हिस्सा यानी करीब 36 करोड़ वर्ग किलोमीटर एरिया पानी से ढका है। ज़मीन केवल 15 करोड़ वर्ग किलोमीटर है, जिस पर ये सारे देश बसे हुए हैं।

### सबसे पहले अमेरिका ने बनाया व पटका

न्यूक्लियर बम बनाने की होड़ में कई देश लगे हुए थे, लेकिन पहली कामयाबी अमेरिका को मिली। 1945 में अमेरिका ने दुनिया का सबसे विनाशकारी बम बना लिया। इसके कुछ ही हफ्तों बाद अमेरिका ने इस बम का असर देखने के लिए जापान के दो शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर इसे गिरा दिया। नतीजा इतना भयानक था कि इन दोनों शहरों में आज भी उसका असर देखा जा सकता है।

**अमेरिका के बाद दुनिया भर में मची होड़ :** अमेरिका के हाथ जब ये खतरनाक हथियार लगा, तो बाकी दुनिया में भी इसे हासिल करने की होड़ शुरू हो गई। न्यूक्लियर बम बनाने के चार साल बाद, 1949 में सोवियत संघ (अब रूस) दूसरा ऐसा देश बना जिसने परमाणु बम बना लिया। फिर 1952 में ब्रिटेन न्यूक्लियर टेस्ट कर न्यूक्लियर पावर कंट्री बन गया। आठ साल बाद, 1960 में फ्रांस, । उसके बाद चीन, भारत, पाकिस्तान सहित अन्य देशों ने भी परमाणु शक्ति हासिल कर ली।

### सिर्फ 500 न्यूक्लियर बम खत्म कर सकते हैं दुनिया

रिपोर्ट बताती है कि सिर्फ 500 न्यूक्लियर बम, जिनका औसतन वजन 30 से 40 किलोटन हो, दुनिया की पूरी 7 अरब आबादी को खत्म करने के लिए काफी हैं। यदि पूरी पृथ्वी यानी 15 करोड़ वर्ग किलोमीटर जमीन को मिटाना हो, तो इसके लिए करीब 1 लाख 28 हजार परमाणु बमों की जरूरत होगी। मतलब ये कि मौजूदा समय में मौजूद न्यूक्लियर हथियारों से दुनिया के सारे इंसानों को खत्म तो किया जा सकता है, लेकिन पूरी धरती को नहीं।

**पाक व नार्थ कोरिया भी बने परमाणु संपन्न :** भारत के परमाणु परीक्षण के बाद पाकिस्तान ने भी अपनी कोशिशें तेज कर दीं, लेकिन उसे सफलता पाने में 24 साल का वक्त लगा।

## किस देश के पास कितने परमाणु बम

अब यदि इन 9 देशों के पास मौजूद परमाणु बमों की संख्या देखें, तो आंकड़े चौंकाने वाले हैं। बुलेटिन ऑफ एटोमिक साइंटिस्ट्स की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक रूस के पास 5,500, अमेरिका के पास 5,044, चीन के पास 500, फ्रांस के पास 290, ब्रिटेन के पास 225, भारत के पास 172, पाकिस्तान के पास 170, इजरायल के पास 90 और नॉर्थ कोरिया के पास 50 न्यूक्लियर बम हैं। यानी कुल मिलाकर 12041 न्यूक्लियर हथियार इन 9 देशों के पास हैं।



### दक्षिण अफ्रीका ने खुद नष्ट किया परमाणु बम

इसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने भी 1977 में सफल न्यूक्लियर टेस्ट कर लिया था, लेकिन ये देश इस लिस्ट में एक अलग मिसाल है। उसने अपने बनाए गए परमाणु हथियार खुद ही नष्ट कर दिए और न्यूक्लियर होड़ से खुद को अलग कर लिया। इसलिए फिलहाल दुनिया में सिर्फ 9 देश हैं जिनके पास परमाणु हथियार हैं।

**भारत ने 1974 में किया परमाणु परीक्षण :** भारत के लिए न सिर्फ चीन बल्कि पाकिस्तान भी हमेशा से एक खतरा रहा है। आखिरकार 1974 में 'ऑपरेशन स्माइलिंग बुद्धा' के तहत भारत ने सफल परमाणु परीक्षण किया और दुनिया का सातवां परमाणु शक्ति संपन्न देश बन गया।

## खबर संक्षेप

### छात्र ने प्रधानाध्यापक पर लगाया चोटी काटने और तिलक पोंछने का आरोप

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में एक प्राथमिक विद्यालय के छात्र ने प्रधानाध्यापक पर उसकी चोटी काटने और माथे का तिलक पोछने का आरोप लगाया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना शुक्रवार को तितावी थाना क्षेत्र के काजीखेड़ा गांव के एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में हुई। देवांश नामक छात्र के माता-पिता ने शनिवार को शिकायत दर्ज कराई कि प्रधानाध्यापक ने जबरन उसकी चोटी काट दी और उसके माथे का तिलक पोछ दिया। इस घटना को लेकर कुछ हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने कथित घटना को लेकर प्रधानाध्यापक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

### पुंछ में 42 बिना फटे हुए गोले नष्ट किए गए

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के बाद नागरिक इलाकों को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से चलाए गए एक बड़े अभियान के तहत रविवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास विभिन्न अग्रिम गांवों में 42 बिना फटे गोले नष्ट कर दिए। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि झुल्लास, सलोत्री, धराटी और सलानी के सीमावर्ती इलाकों में 42 बिना फटे गोला-बारूद को सुरक्षित तरीके से नष्ट करने के लिए एक नियंत्रित अभियान सफलतापूर्वक चलाया। उन्होंने कहा कि ये गोले हाल ही में सीमा पार से हुई गोलाबारी के अवशेष हैं।




### बेटी ने प्रेमी संग मिलकर की मां की हत्या

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पुलिस ने रविवार की सुबह चिनहट क्षेत्र में एक महिला की हत्या के आरोप में उसकी नाबालिग बेटी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त शशांक सिंह ने बताया कि चिनहट थाना क्षेत्र में ऊषा सिंह (40) नामक महिला का शव आज सुबह उसके घर में पाया गया। उसकी गला काटकर हत्या की गयी थी। अपराध स्थल का निरीक्षण करने पर पुलिस को ऊषा की 15 वर्षीय बेटी पर संदेह हुआ। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी तो उसने अपनी मां की हत्या की बात कुबूल कर ली। इस मामले में उसके 17 वर्षीय प्रेमी को भी गिरफ्तार किया गया है।

### नहाने गए तीन बच्चों की पोखर में डूबकर मौत

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश में गोंडा जिले के परसपुर क्षेत्र में रविवार को पोखर में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गयी। अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय ने बताया कि परसपुर थाना क्षेत्र के अहेट गांव में दोपहर बाद एक गड्ढे में डूबकर तीन बच्चों की मौत हो गई। वे तीनों पास ही खेत में बने पोखर में नहाने गए थे। मृतकों की पहचान निगम उर्फ राजा बाबू (नौ), राजन (10) और राम (10) के रूप में हुई है। हादसे में मारे गए बच्चों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता दी जाएगी।



### इस्माइल रॉयर को नियुक्त किया धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के सलाहकार बोर्ड का सदस्य

# ट्रंप ने 2 'जिहादियों' को बनाया सलाहकार; एक कश्मीर में व अमेरिका में मचा चुका है आतंक

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने प्रशासन में विवादास्पद नियुक्तियों को लेकर एक बार फिर चर्चाओं में हैं। दरअसल, ट्रंप प्रशासन ने आतंकवाद से संबंधित आरोपों में 13 साल जेल में बिताने वाले पूर्व जिहादी इस्माइल रॉयर को व्हाइट हाउस के धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के सलाहकार बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया है। इस्माइल पर आरोप है कि वह अमेरिका के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रचने और अल-कायदा और लश्कर-ए-तैयबा को सहायता प्रदान करना शामिल था। इसके अलावा एक और पूर्व जिहादी शेख हमजा यूसुफ को भी इसी बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया है।

इस नियुक्ति को लेकर ट्रंप की करीबी और दक्षिणपंथी कार्यकर्ता लारा लूमर ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस्माइल रॉयर की नियुक्ति को पागलपन बताया है और आरोप लगाया है कि रॉयर लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी ट्रेनिंग कैंप में प्रशिक्षण ले चुका है और उसने कश्मीर में भारतीय ठिकानों पर आतंकी हमलों की साजिश रची और फायरिंग जैसी गतिविधियों में हिस्सा लिया है।





### नियुक्तियों पर अमेरिका का क्या है कहना....

व्हाइट हाउस ने कहा, इस्माइल वर्तमान में धार्मिक स्वतंत्रता संस्थान में इस्लाम और धार्मिक स्वतंत्रता कार्रवाई टीम के निदेशक हैं। 1992 में इस्लाम धर्म अपनाने के बाद उन्होंने पारंपरिक इस्लामी विद्वानों के साथ धार्मिक विज्ञान का अध्ययन किया है और एक दशक से ज़्यादा समय तक गैर-लाभकारी इस्लामी संगठनों में काम किया है। रॉयर ने धर्मों के बीच शांति को बढ़ावा देने के लिए गैर-लाभकारी संगठनों के साथ काम किया है।

### शेख हमजा यूसुफ पर लगे हैं यह आरोप.....

शेख हमजा कैलिफोर्निया में जैतुना कॉलेज का सह-संस्थापक है। पत्रकार लॉरा लूमर के अनुसार, शेख हमजा हमास और मुस्लिम ब्रदरहुड से जुड़ा हुआ है। उनका कहना है कि 9/11 से 2 दिन पहले यूसुफ ने जमील अल-अमीन के लिए पैसे जुटाने का कार्यक्रम आयोजित किया था। अल-अमीन पर एक पुलिस अधिकारी की हत्या का मुकदमा चल रहा था। लूमर के अनुसार, शेख हमजा पर इस्लामिक जिहादियों और प्रतिबंधित आतंकी समूहों से संबंध होने का आरोप है।

### रॉयर ने कहा था- मुझे लश्कर के लोग पसंद

2023 में एक साक्षात्कार में इस्माइल ने कहा था, मुझे लश्कर-ए-तैयबा के लोग पसंद थे। मैं बिन लादेन के सख्त खिलाफ था और अल-कायदा को चरमपंथियों के समूह के रूप में देखता था। मुझे बताया गया कि लश्कर-ए-तैयबा कोई चरमपंथी समूह नहीं है और वे सऊदी इमाम का अनुसरण करते हैं। मैंने मुसलमानों को लश्कर में शामिल होने और कश्मीर में उनके साथ प्रशिक्षण लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

### रॉयर ने कबूला था आतंकियों से संबंध

रिपोर्ट के अनुसार, रॉयर ने अदालत में माना था कि उसने अपने साथियों- मंसूर खान, योंग की क्वोन, मोहम्मद अतीक और ख्वाजा महमूद हसन को पाकिस्तानी आतंकी कैंप में प्रवेश दिलाने में मदद की थी। उसने इब्राहीम अहमद अल-हम्दी को भी आरपीजी यानी रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड के प्रशिक्षण के लिए भेजा था, ताकि भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की जा सके।

### 13 साल जेल में रह चुका है इस्माइल

2003 में इस्माइल पर आतंकवाद से संबंधित अपराधों का आरोप लगाया गया था। इनमें अमेरिका के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रचने और अल-कायदा और लश्कर-ए-तैयबा को सहायता प्रदान करना शामिल था। वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार, 2004 में उसने विस्फोटकों के इस्तेमाल में मदद करने के आरोप भी स्वीकार किए थे। इस मामले में इस्माइल को 20 साल की सजा हुई थी और वो 13 साल जेल में रहा है।

### कौन है इस्माइल रॉयर?

इस्माइल का जन्म सेंट लुईस में हुआ था। अमेरिकी डिपोर्टमेंट और जस्टिस के मुताबिक, इस्लाम धर्म अपनाने के बाद इस्माइल बोस्नियाई शरणार्थियों के साथ काम करने लगा। इसके बाद वह गृहयुद्ध लड़ने के लिए बोस्निया चला गया। वाशिंगटन पोस्ट के मुताबिक, साल 2000 में इस्माइल पाकिस्तान गया, जहां वो लश्कर-ए-तैयबा के संपर्क में आया। इसके बाद वह वर्जीनिया में लोगों को आतंकी संगठन में शामिल होने के लिए प्रेरित करने लगा। उसे 2017 में जेल से रिहा किया गया था।

# ईओएस-09 सेटेलाइट में आई तकनीकी गड़बड़ी मिशन रह गया अधूरा

एजेंसी ▶▶| श्रीहरिकोटा

दुश्मनों की पल-पल की हरकत पर नज़र रखने और भारत के डिफेंस को मजबूत बनाने के मकसद से इसरो ने ईओएस -9 सैटेलाइट तैयार किया है। यह एक अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट है, जिसे 18 मई की सुबह लॉन्च किया गया, हालांकि तकनीकी गड़बड़ी के चलते लॉन्च अधूरा रह गया। यह इसरो का 101वां लॉन्च मिशन था। पृथ्वी अवलोकन उपग्रह कई अहम उद्देश्यों के लिए डिजाइन किया गया था। इसमें सी-बैंड सिंथेटिक अपर्चर रडार लगाया गया, जो किसी भी मौसम और समय में पृथ्वी की सतह की उच्च-रिज़ॉल्यूशन तस्वीरें लेने में सक्षम है। यह सैटेलाइट कृषि, वानिकी निगरानी, आपदा प्रबंधन, शहरी नियोजन और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में अत्यंत उपयोगी होता।

### कई खूबियों से लैस था उपग्रह



### इसरो प्रमुख बोले दोबारा लॉन्च करेंगे

इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा - आज हमारा श्रीहरिकोटा से 'पीएसएलवीसी61 ईओएस-09 मिशन' के तहत 101वें प्रक्षेपण का लक्ष्य था। पीएसएलवी चार चरण वाला यान है और दूसरे चरण तक इसका प्रदर्शन सामान्य था। तीसरे चरण की मोटर सही से चालू हो गई थी लेकिन इस चरण के संचालन के दौरान मिशन पूरा नहीं हो सका। तीसरा चरण एक ठोस मोटर प्रणाली है। उन्होंने कहा कि इसरो इस गड़बड़ी और डेटा का विश्लेषण करेगा और दोबारा मिशन लॉन्च करेगा।

**पहले से तैनात है ईओएस-04 :** हाल ही में किए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इसरो के रीसेट और कॉर्टोसेट जैसे सैटेलाइट्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन उपग्रहों द्वारा खींची गई हाई रेसॉल्यूशन तस्वीरों की मदद से भारत ने रात के वक्त भी आतंकियों के ठिकानों की सटीक लोकेशन पर स्ट्राइक किया था।

### दुश्मन पर पैनी नज़र रखने किया है तैयार

ईओएस-09 सैटेलाइट का मकसद भारत की रिमोट सेंसिंग क्षमताओं को और मजबूत करना था। इसकी मदद से आतंकवाद विरोधी ऑपरेशंस को मजबूत बनाना, सीमा पर घुसपैठ को रोकना और संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाया जा सकता है। इस सैटेलाइट को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह सीमा पर होने वाली हर हरकत पर पैनी नज़र रखेगा और रिमोट सेंसिंग के जरिए खतरे का पता लगाएगा। सेना को 24 घंटे डेटा उपलब्ध कराता रहेगा।

**शहनाई बजने से पहले ही घर-गांव में पसरा मातम**

# दुल्हन को मंगलसूत्र पहनाते ही दूल्हे की हार्टअटैक से मौत

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

बदलती जीवनशैली, तनाव और अनियमित दिनचर्या के कारण युवाओं को भी हार्ट हटैक अपनी चपेट में ले रहा है। ऐसा ही एक हादसा कर्नाटक के बागलकोट जिले में देखने को मिला, जहां शादी की रस्में निभाते-निभाते ही दूल्हा अचानक गिर पड़ा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना सिर्फ एक परिवार नहीं, बल्कि पूरे इलाके को सदमे में डाल गई।

### पूरे इलाके को सदमे में



### हार्ट अटैक से हुई मौत

मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार, प्रवीण की मौत हार्ट अटैक से हुई थी. यह जानकर हर कोई हैरान था, क्योंकि वह पूरी तरह से स्वस्थ और सामान्य लग रहा था। न तो उसे पहले कोई दिल की बीमारी थी, और न ही किसी तरह की कोई स्वास्थ्य शिकायत। यह घटना एक बार फिर हमें इस बात की चेतावनी देती है कि हार्ट अटैक बदलती जीवनशैली, तनाव और अनियमित दिनचर्या के कारण युवाओं को भी अपनी चपेट में ले रहा है।

### मंगलसूत्र बांधते वक्त हुआ हादसा

शादी की रस्मों के दौरान जब दूल्हा प्रवीण ने अपनी दुल्हन के गले में मंगलसूत्र बांधा, तभी अचानक उसे सीने में तेज दर्द महसूस हुआ। वह लड़खड़ाया और जमीन पर गिर पड़ा। वहां मौजूद सभी लोग घबरा गए। उसके माता-पिता और परिजन उसे तुरंत पास के एक निजी अस्पताल लेकर भागे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**यह पुरस्कार प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन की तरफ से शुरू किया गया है**

# सुप्रिया-निशिकांत समेत 17 सांसद होंगे 'संसद रत्न' से सम्मानित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संसद में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 17 सांसदों और 2 संसदीय स्थायी समितियों को संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। ये पुरस्कार संसद में सक्रियता, बहस में भागीदारी, प्रश्न पूछने और विधायी कामकाज में योगदान के आधार पर दिए जाते हैं। यह पुरस्कार प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन की तरफ से शुरू किया गया है। इस वर्ष के विजेताओं का चयन जूरी कमेटी ने किया, जिसकी अध्यक्षता हंसराज अहीर, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने की। उन्होंने कहा कि ये पुरस्कार उन सांसदों को दिए जाते हैं जिन्होंने लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए संसद में उत्कृष्ट योगदान दिया है।



### लगातार उत्कृष्ट कार्य के लिए इन्हें मिलेगा सम्मान

चार सांसदों को संसदीय लोकतंत्र में उत्कृष्ट और सतत योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन के अनुसार, ये चारों सांसद 16वीं और 17वीं लोकसभा में भी संसद में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में शामिल रहे हैं और अपनी मौजूदा कार्यकाल में भी लगातार सक्रिय हैं। भर्तृहरि महताब (भाजपा)। सुप्रिया सुले (एनसीपी-एसपी), एन. के. प्रेमचंद्रन (आरएसपी), श्रीरंग अप्पा बारणे (शिवसेना)

### दो संसदीय समितियों को भी मिला सम्मान

इस वर्ष दो संसदीय स्थायी समितियों को भी संसद रत्न पुरस्कार से नवाजा जाएगा। वित्त पर स्थायी समिति अध्यक्षः भर्तृहरि महताब। कृषि पर स्थायी समिति अध्यक्षः चरणजीत सिंह चन्नी (कांग्रेस)।

### क्या है संसद रत्न पुरस्कार?

संसद रत्न पुरस्कार की शुरुआत 2010 में हुई थी और यह पुरस्कार उन सांसदों को दिए जाते हैं जो पारदर्शिता, जवाबदेही और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती देने के लिए संसद में सक्रिय रहते हैं। इसका उद्देश्य सांसदों को प्रोत्साहित करना और जनता के बीच संसदीय कार्यवाही को लोकप्रिय बनाना है।

**अन्य संसद रत्न पुरस्कार विजेता सांसद :** बाकी 13 सांसदों ने संसद में प्रश्न पूछने, चर्चा में भाग लेने और विधेयकों पर सुझाव देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्मिता वाघ, मेधा कुलकर्णी, प्रवीण पटेल, रवि किशन, निशिकांत दुबे, बिद्युत बारन महतो, पी. पी. चौधरी, मदन राठौर, दिलीप सैकिया (सभी भाजपा)। अरविंद सावंत (शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट), नरेश गणपत म्हास्के (शिवसेना) वर्षा गायकवाड़ (कांग्रेस), सी. एन. अन्नादुरै (डीएमके)।

### पूर्वोत्तर राज्यों और कोलकाता के बीच एक वैकल्पिक संपर्क स्थापित

# शिलांग से सिलचर तक हाईवे बनाएगा भारत, बांग्लादेश को ऐसे देगा जवाब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार मेघालय के शिलांग से असम के सिलचर तक एक अहम और रणनीतिक राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने जा रही है। 30 अप्रैल को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस परियोजना को मंजूरी दी थी। इस परियोजना से पूर्वोत्तर के राज्यों तक पहुंचने के लिए सिलिगुड़ी कॉरिडोर पर निर्भरता कम हो जाएगी। परियोजना को रणनीतिक तौर पर अहम माना जा रहा है, क्योंकि हाल में पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर बांग्लादेश ने विवादित बयान दिए हैं।



**ये पूर्वोत्तर में पहली हाई स्पीड परियोजना :** इस परियोजना के पूरा होने से असम-मेघालय के बीच आवाजाही आसान होगी। ये पूर्वोत्तर में पहली हाई स्पीड परियोजना है। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मेघालय के शिलांग से असम के सिलचर तक प्रस्तावित राजमार्ग म्यांमार में एक प्रमुख मल्टी-मॉडल परिवहन परियोजना का विस्तार बन जाएगा, जिससे पूर्वोत्तर राज्यों और कोलकाता के बीच समुद्र के रास्ते एक वैकल्पिक संपर्क स्थापित होगा।

**परियोजना से क्या फायदा होगा? :** हाईवे बनने के बाद सड़क के जरिए माल की आवाजाही आसान होगी, जो क्षेत्र में आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा देगी।ये गुवाहाटी हवाई अड्डे, शिलांग हवाई अड्डे और सिलचर हवाई अड्डे से आने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की जरूरतों को भी पूरा करेगा। अधिकारी ने बताया कि शिलांग और सिलचर महत्वपूर्ण है, क्योंकि सिलचर मिजोरम, त्रिपुरा और मणिपुर के साथ-साथ असम के बराक घाटी क्षेत्र को जोड़ने के लिए प्रवेश बिंदु है।

### क्या है चिकन नेक जो है संवेदनशील

चिकन नेक को सिलीगुड़ी कॉरिडोर भी कहा जाता है। 60 किलोमीटर लंबा और 22 किलोमीटर चौड़ा यह कॉरिडोर पूर्वोत्तर के 7 राज्यों को भारत के साथ जोड़ता है। यह भूटान, नेपाल और बांग्लादेश से सटा हुआ है। यह इलाका रणनीतिक रूप से काफी अहम है, क्योंकि अगर इस क्षेत्र में कोई व्यवधान उत्पन्न होता है तो पूरे पूर्वोत्तर भारत का बाकी देश से संपर्क टूट सकता है। यही वजह है कि भारत इसे लेकर बहुत संवेदनशील रहता है।

### 166 किमी लंबा ग्रीनफील्ड हाईवे

इस परियोजना की लंबाई 166.80 किलोमीटर होगी। इसमें से 144.80 किलोमीटर हिस्सा मेघालय और 22 किलोमीटर हिस्सा असम में होगा। परियोजना पर कुल 22,864 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। परियोजना के तहत एक ग्रीनफील्ड हाई-स्पीड कॉरिडोर और फोर लेन हाईवे को मंजूरी दी गई है। हाईवे शिलांग के नजदीक मावलिंग्खुंग से असम के सिलचर के पास पंचग्राम तक एनएच-6 पर बनाया जाएगा। माना जा रहा है कि 2030 तक इसका काम पूरा हो जाएगा।

### पुलिस ने तत्कालीन टीडीओ को भी पकड़ा

# 71 करोड़ के मनरेगा घोटाले में मंत्री पुत्र गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गुजरात के मंत्री बच्चूभाई खाबड़ के बेटे बलवंत खाबड़ को 71 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि कुछ अनुबंधित एजेंसियों को काम पूरा किए बिना या सामान की आपूर्ति किए बिना सरकार से भुगतान प्राप्त कराया गया था। पुलिस ने दाहोद जिले में तत्कालीन तालुका विकास अधिकारी दर्शन पटेल को भी गिरफ्तार किया। इससे अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या सात हो गई है। बता दें कि देवगढ़बरिया निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले बच्चूभाई खाबड़ पंचायत और कृषि राज्य मंत्री हैं। इस घोटाले में 35 एजेंसियों के मालिकों ने सरकारी अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके मनरेगा योजना के तहत भुगतान प्राप्त करने के लिए फर्जी कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र और अन्य सबूत पेश किए। इन लोगों ने 2021 और 2024 के बीच 71 करोड़ रुपये की हेराफेरी की।



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



**हरिभूमि-आईएनएच का आयुष्मान भवः हेल्थ कॉन्क्लेव 2025... संवाद, विचार-विमर्श के साथ जागरुकता भी**

## हरिभूमि-आईएनएच के आयुष्मान भवः हेल्थ कॉनक्लेव में बोले स्वास्थ्य मंत्री

# हेल्थ के लिए बनाएंगे ऐसा सिस्टम कि इलाज के लिए हैदराबाद या दिल्ली-मुंबई जाना न पड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि-आईएनएच न्यूज का 'आयुष्मान भवः हेल्थ कॉन्क्लेव 2025' प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े दिग्गज चिकित्सकों, विशेषज्ञों और नीति-निर्माताओं के लिए संवाद और विचार-विमर्श का केंद्र बना। गुरुवार को निजी होटल में आयोजित इस कॉन्क्लेव के दौरान विशेषज्ञों ने सर्जरी, स्त्रीरोग और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों समेत अन्य स्वास्थ्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उनके आधुनिक और प्रभावी इलाज को लेकर भी गहन मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों के लिए सभी सत्र न केवल जानकारीपूर्ण रहे, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाले भी साबित हुए। स्वास्थ्य क्षेत्र ▶▶|शेष पेज 5 पर

### सरकार और चिकित्सकों के बीच बने भरोसे का सेतु

हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि हमने 'आयुष्मान भव' कार्यक्रम की परिकल्पना सोच-समझकर की थी। सरकार द्वारा शुरू की गई आयुष्मान योजना एक क्रांतिकारी पहल है, लेकिन हाल ही में इसके कुछ पहलुओं को लेकर छत्तीसगढ़ में चर्चा और विसंगति भी देखने को मिली। हमें लगा कि मीडिया का दायित्व दूरी बनाना नहीं, बल्कि उसे मिटाना होना चाहिए। सरकार और चिकित्सकों के बीच विश्वास बहाल हो, यही जनसेवा के लक्ष्य को साकार कर सकता है। इसी उद्देश्य को केंद्र में रखते हुए इस कार्यक्रम की नींव रखी गई।




आयुष्मान योजना और चिकित्सा क्षेत्र के विषयों पर वरिष्ठ चिकित्सकों के साथ हरिभूमि एवं आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने किया सार्थक संवाद




डॉ. आशीष महोबिया, डॉ. सजन अग्रवाल, डॉ. सुनील खेमका, डॉ. सतीश सूर्यवंशी, डॉ. सुनील कालडा।



डॉ. संदीप दवे, डॉ. सुशील शर्मा, डॉ. युसूफ मेमन, डॉ. भरत सिंघानिया।

### ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की स्थिति पर ध्यान देने की जरूरतः रमन



*विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, छत्तीसगढ़ में ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की स्थिति क्या है, इस पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने एक वेब सीरिज का जिक्र करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में डाक्टरों को किन कठिनाईयों के बीच काम करना पड़ता है, इस पर हमकों विचार करना चाहिए। हेल्थ कानक्लेव 2025 के आयोजन में डॉक्टरों के सम्मान किया गया। अच्छी बात है कि यहां पर दो-दो स्वास्थ्य मंत्री सम्मिलित हुए हैं, वहां कुछ बोलने को बचता नहीं। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो चुनौतियां है उसके बारे में विचार करना चाहिए। राज्य बनने के समय यहां पर दो नर्सिंग होम थे, आज बढ़कर 84 हो गया है। 10-15 मेडिकल कॉलेज हो खेल गए हैं। मेडिकल के क्षेत्र में राज्य ने अच्छी छलांग लगाई* ▶▶|शेष पेज 5 पर

### सस्ता और गुणवत्तापूर्ण इलाज जरूरी



सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आज के दौर में धरती पर जीवन जीने के लिए किसी व्यक्ति को तीन चीजों की सबसे अधिक आवश्यकता है, स्वास्थ्य, शिक्षा और मनोरंजन। यदि ये तीनों सुविधाएं किसी को सहजता से मिल जाएं तो उसका जीवन निश्चित रूप से सुखद बन सकता है। सौभाग्य से ये तीनों सुविधाएं छत्तीसगढ़ में उपलब्ध हैं। एक दौर था, जब कहा जाता था कि डॉक्टर भगवान का रूप होते हैं, क्योंकि वे ▶▶|शेष पेज 5 पर

### स्वास्थ्य सेवा हमेशा रही प्राथमिकता



पूर्व स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में चुनौतियां हमेशा से ज्यादा रही हैं। इसमें दवाइयों की आपूर्ति, आधुनिक मशीनों की व्यवस्था और डॉक्टरों के लिए पर्याप्त भुगतान जैसी कई जिम्मेदारियां होती हैं। उन्होंने बताया कि जब मंत्री पद के लिए विभाग चुनने का अवसर मिला, तब मैंने स्वास्थ्य विभाग को चुना। हालांकि परिवार ने इसे बड़ी गलती बताया, लेकिन मेरी रुचि शुरू से ही स्वास्थ्य सेवा ▶▶|शेष पेज 5 पर




आईएमए रायपुर के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सोलंकी, पंचकर्म के प्रोफेसर डॉ. हरेंद्र मोहन शुक्ला और होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. विजय शंकर मिश्रा के साथ हरिभूमि के समन्वय संपादक ब्रह्मवीर सिंह का सार्थक संवाद।




महिला चिकित्सक डॉ. भावना सिरोही, डॉ. नीरज पहलाजानी, डॉ. प्रज्ञा सूर्यवंशी, डॉ. सुमन मित्तल, डॉ. मोनिका जिंदल, डॉ. विधि मोदी के साथ आईएनएच की न्यूज एडिटर सोनल भारद्वाज ने किया सार्थक संवाद।

## जायसवाल बोले-प्राइवेट हॉस्पिटल दे रहे बेहतर सुविधा, पर सरकारी हमारी रीढ़, उनको मजबूत करूं, ऐसा मेरा प्रयास

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आने वाले साढ़े तीन सालों में छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने का प्रयास किया जाएगा। कोई भी मरीज राज्य से बाहर इलाज करने ना जाए, ऐसी सुविधा यहां के निजी और सरकारी अस्पतालों में देने के प्रयास होंगे। मेरी इच्छा है कि जनता सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने पहुंचे, इन अस्पतालों के प्रति विश्वास बढ़ाने का काम करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने यह भी बताया कि नई औद्योगिक नीति के तहत 50 से अधिक बेड वाले अस्पताल खोले जाने पर 55 प्रतिशत तक सब्सिडी का प्रावधन किया गया है। हरिभूमि- आईएनएच द्वारा रविवार को निजी होटल में आयोजित आयुष्मान भवः कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल से आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने सीधी बात की। पेश हैं बेबाक बातचीत के अंश-

### आयुष्मान भवः कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बेबाकी से दिए जवाब



- **सवाल-** स्वास्थ्य विभाग आपको दिया गया है, डेढ़ साल में सबसे बड़ी चुनौती क्या रही।
- **जवाब-** डॉक्टर को भगवान का दूसरा रूप होता है। यह मानकर स्वास्थ्य विभाग में काम कर रहा हूं। डेढ़ साल में सबसे बड़ी चुनाती विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी की रही है। इस कमी को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। फैकल्टी की भी समस्या से हम जूझ रहे हैं। आने वाले समय में यह स्थिति सुधरेगी। हमने सीनियर ओर जूनियर डॉक्टरों की सैलरी में डेढ़ गुना बढ़ोत्तरी की है। कहीं कहीं ढाई गुना तक भी बढ़ाया गया है। डाक्टरों को साढ़े चार लाख रुपए तक की सैलरी मिल रही है।
- **सवाल-** निजी और सरकारी अस्पतालों का इन डेढ़ सालों के कार्यकाल में अनुभव कैसा रहा। आयुष्मान के जरिए जनता को राहत मिली कि नहीं।
- **जवाब-** डेढ़ सालों में निजी और सरकारी अस्पतलों का मिला जुला अनुभव रहा। कुछ अस्पताल ऐसे हैं जो आयुष्मान से ही चल रहे हैं। रामकृष्ण जैसे अस्पताल आयुष्मान से भागते हैं। कुछ इसके जरिए इलाज भी करते हैं। यहां पर हमारे निजी अस्पताल अच्छे हैं। यहां से मरीज हैदराबाद या नागपुर इलाज कराने कम जाते हैं। सरकारी अस्पतालों में भी सुविधा को अच्छा करने का प्रयास किया जा रहा है।
- **सवाल-** आयुष्मान योजना और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना में किसे अच्छा मानते हैं।
- **जवाब-** दोनों योजना आयुष्मान के अंतर्गत आती है। कुछ पैकेज में रिवाइज करने की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ अन्य राज्यों के मुकाबले कुछ इलाज के पैकेज में अन्य राज्यों से आगे है। ▶▶|शेष पेज 5 पर

### लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड



डॉ. संदीप दवे, मैनेजिंग डॉयरेक्टर, रामकृष्ण केयर



डॉ. दीपशिखा अग्रवाल, डॉयरेक्टर, एमजीएम हॉस्पिटल

### स्पेशल अवार्ड



आईपी मिश्रा, चेयरमैन, शंकराचार्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन



सुभाष अग्रवाल, डॉयरेक्टर, गंगा डायगनोस्टिक एंड रिसर्च सेंटर

### सेवा और समर्पण का सम्मान



डॉ. राकेश गुप्ता, ईएनटी स्पेशलिस्ट



डॉ. विवेक चौधरी, डीन, मेडिकल कॉलेज रायपुर



डॉ. रागिनी पांडेय, चीफ पीडियाट्रिक कार्डियक सर्जन



डॉ. हेमंत शर्मा, डिप्टी सुपरिटेंडेंट, डीकेएस



डॉ. स्मित श्रीवास्तव, सीनियर कॉर्डियोलॉजिस्ट, डॉ. आंबेडकर अस्पताल



डॉ. बृजनंदन बनपुरिया, मेडिकल ऑफिसर कोंडागांव



डॉ. दिनेश मिश्र, नेत्र विशेषज्ञ

### वर्चुअल रूप से शामिल हुए मुख्यमंत्री

# 25 साल बाद जगरगुंडा में खुला इंडियन ओवरसीज बैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

- 12 गांव के लगभग 14 हजार लोगों को मिलेगा बैंक का लाभ

लंबे समय से नक्सल समस्या से प्रभावित रहे छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के जगरगुंडा क्षेत्र के लोगों को 25 साल बाद फिर से अब बैंकिंग सुविधा का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वर्चुअल उद्घाटन किया। वित्त ओपी चौधरी स्वयं वहां पहुंचे। जगरगुंडावासियों को छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रयास से यह सौगात मिला है, जिससे पूरे जगरगुंडा क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है। ▶▶|शेष पेज 5 पर



### 500 किमी की सड़क यात्रा कर जगरगुंडा पहुंचे वित्त मंत्री

*रायपुर से दंतेवाड़ा और दंतेवाड़ा सीधे सड़क मार्ग से 500 किमी चलकर जगरगुंडा पहुंचे वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि जब वे दंतेवाड़ा में कलेक्टर थे, तब यह इलाका घोर नक्सल प्रभावित था। अंदरूनी इलाके में जाने के पहले सोचना पड़ता था। वर्ष 2001 जब पूरा प्रदेश नए राज्य बनने की खुशी मना* ▶▶|शेष पेज 5 पर

### पीएम मोदी ने दी थी गारंटी

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी में सभी ग्राम पंचायत में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने की गारंटी दी गई है। जहां ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है। एक वर्ष में सभी ग्राम पंचायतों में इस सुविधा का विस्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को सुशासन तिहार की भी विस्तार से जानकारी दी।



# आपका दिमाग कंट्रोल कर लेगी मशीन... मार्केट में आई तकनीक मचा रही तहलका

न्यूयार्क। अक्सर देखा जाता है कि जब हम क्लास, ऑफिस या फिर किसी और जगह रहते हैं तो हम अपने आस-पास किसी को देखते हैं तो सोचते हैं कि इसका दिमाग कितना तेज चल रहा है। लेकिन, क्या आपको पता है कि दिमाग को नियंत्रित करने वाले उपकरण भी आ गए हैं? कुछ को पता होगा लेकिन कई लोगों को इसकी जानकारी नहीं होगी। इन उपकरणों को ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस कहा जाता है।

ब्रेन ट्रांसप्लांटेशन को मार्केट में लाने के लिए चार कंपनियां जी तोड़ मेहनत कर रही हैं। इसमें एलोन मस्क की न्यूरालिंक का नाम है। बता दें कि न्यूरालिंक अपनी चिप को मोटर कॉर्टेक्स में गहराई से लगाता है। इसके जरिए मरीज सिर्फ सोचकर कंप्यूटर कर्सर को नियंत्रित कर सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पता चला है कि अभी तक तीन मरीजों का ट्रांसप्लांटेशन किया जा चुका है। इसके अलावा सिंक्रोन का भी नाम इसमें है। बता दें कि सिंक्रोन सीमित हाथ की गतिशीलता वाले रोगियों के लिए टचस्क्रीन के नियंत्रण को बहाल करने में मदद करता है। यह मस्तिष्क में रक्त वाहिका के माध्यम से अपने प्रत्यारोपण को थ्रेड करता है और ये सिर को खोलने से बचा सकता है और साथ ही साथ ये सर्जरी को सरल बनाता है।



### पहले भी कर रहे हैं काम

इन तकनीक का विकास तेजी के साथ हो रहा है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि इसी साल ये तकनीक मुख्यधारा में भी आ जाएगी। वर्तमान समय में लगभग 100 लोगों को पर इस तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। अगर यह परीक्षण सफल होता है तो आने वाले समय में इसकी संख्या भी बढ़ाई जा सकती है। बता दें कि ये उपकरण पहले से ही लकवाग्रस्त लोगों का दिमाग नियंत्रित करने में मदद कर रहे हैं।

### भेड़ों में डिवाइस का किया परीक्षण

चौथी कंपनी है पैराड्रोमिक्स. बता दें कि पैराड्रोमिक्स छोटे इलेक्ट्रोड का उपयोग करता है जो मस्तिष्क में 1.5 मिमी तक धकेलते हैं, जिससे एक मजबूत और तेज़ कनेक्शन मिलता है। कंपनी ने भेड़ों में डिवाइस का परीक्षण किया है और जल्द ही मानव परीक्षण शुरू करने की योजना बना रहा है। अगर परीक्षण सफल हुआ तो इंसानी दिमाग को नियंत्रित किया जा सकेगा. इन कंपनियों की तकनीक विभिन्न तरीकों से मस्तिष्क से जानकारी प्राप्त करती है। जहां एक तरफ इसके फायदे हैं वहीं दूसरी तरफ इसके नुकसान भी है। अगर यह परीक्षण सफल होते हैं तो इन उपकरणों का उपयोग लाखों लोगों द्वारा किया जा सकता है, जिससे उन्हें अपने विचारों से तकनीक को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है।



### 100 लोगों तक डिवाइस को प्रत्यारोपित करने की योजना

इन दोनों के अलावा तीसरी कंपनी है प्रेसिजन न्यूरोसाइंस. प्रेसिजन का उपकरण मस्तिष्क की सतह पर बैठता है और वर्तमान में इसमें तार हैं, लेकिन इसका लक्ष्य पूरी तरह से वायरलेस होना है। कंपनी को उम्मीद है कि यह अंततः लोगों को केवल विचारों के माध्यम से बोलने में मदद कर सकता है। इसके अलावा जानकारी मिली है कि आने वाले वर्ष में 100 लोगों तक डिवाइस को प्रत्यारोपित करने की योजना के साथ परीक्षण पहले से ही चल रहे हैं।

---

## रोचक खबरें

## इस तालाब में डुबकी लगाने के बाद सच उगलने लगते हैं लोग!



रांची। झारखंड की राजधानी रांची में एक अनोखा तालाब हैं, जो साधारण नहीं है। इस तालाब से लोगों की गहरी आस्था है। मान्यता है कि ये तालाब झूठ पकड़ने की मशीन है। जी हां! इस तालाब को लाई डिटेक्टर मशीन भी कहा जाता है। अगर आप झूठ बोलेंगे और इस तालाब में डुबकी लगाएंगे तो आपका झूठ आसानी से पकड़ा जाएगा। पुजारी ही नहीं, यहां के स्थानीय लोगों को भी ये दावा है। उनका कहना है कि उन्होंने ऐसी तमाम घटनाएं देखी हैं, जिसमें लोगों के झूठ पकड़े गए हैं।

रांची के मोराबादी रोड पर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर के पीछे यह तालाब है। यहां के स्थानीय निवासी जगत राम बताते हैं कि उन्होंने कई बार देखा कि जब तीन-चार लोग कहते हैं कि उन्होंने चोरी नहीं की और सब तालाब में डुबकी लगाते हैं, तो भगवान के मंदिर जाते समय वे सच उगल देते हैं। मंदिर के पुजारी शंभू नाथ बताते हैं कि 6 महीने पहले पास के एक घर में चोरी हुई थी। चार-पांच लड़कों पर शक था, लेकिन यह समझ में नहीं आ रहा था कि चोरी किसने की। स्थानीय निवासी रामेश्वर बताते हैं कि लोग इस तालाब से डरते हैं। मतलब यह नहीं कि तालाब डरावना है, बल्कि पाप करने से डरते हैं। यहां कोई बैठकर निंदा भी नहीं करता। लोगों को लगता है कि माता रानी नाराज हो जाएंगी।

### ऐसे पकड़ा गया चोर

स्थानीय लोगों ने उन लड़कों को तालाब में डुबकी लगाने को कहा और फिर राधा कृष्ण मंदिर चलने को कहा। आधे रास्ते में ही एक लड़के ने सच बोल दिया और कहा कि उसने ही चोरी की है और माफी मांग ली। इस तरह से कई चोरों को पकड़ा गया है। यह तालाब साधारण नहीं है। यहां के आसपास के घरों में पूजा-पाठ में इस तालाब का पानी उपयोग होता है। कोई भी धार्मिक कार्य या छठ पूजा इसी तालाब में की जाती है। कहा जाता है कि माता रानी की शक्ति है, इसलिए यह तालाब काफी पूजनीय है।

## भारत की वो खौफनाक झील जिसमें तैरते रहते हैं नर कंकाल

नई दिल्ली। दुनियाभर में एक से बढ़कर एक खौफनाक झील मौजूद हैं। लेकिन, आज हम आपको भारत की एक ऐसी झील के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें नर कंकाल तैरते हुए दिख जाते हैं। इस भयानक मंजर को देखने के बाद लोगों की रूह कांप जाती है। इसका नाम रूपकुंड झील है, जो हिमालय की गोद में उत्तराखंड में स्थित है। 5,020 मीटर की ऊंचाई पर त्रिशूल पर्वत के पास स्थित ये छोटी-सी झील सर्दियों में बर्फ से ढकी रहती है। लेकिन, गर्मियों में जब बर्फ पिघलती है तो 600-800 मानव कंकाल पानी में तैरते और किनारों पर बिखरे नजर आते हैं। इसे 'स्केलेटन लेक' या 'मिस्ट्री लेक' कहते हैं, जो अपने खौफनाक स्वरूप की वजह से दुनियाभर में मशहूर है। आपको जानकर हैरानी होगी, लेकिन बता दें कि ये हड्डियां सदियों पुरानी कहानियां सुनाती हैं, जो वैज्ञानिकों और ट्रेकर्स को भी चकित करती हैं। बताया जाता है कि 1942 में नंदा देवी नेशनल पार्क के रेंजर रहे हरि किशन मधवाल ने इस झील को देखा, जहां सैकड़ों हड्डियां बिखरी थीं। पहले ब्रिटिश अधिकारियों को लगा कि ये द्वितीय विश्व युद्ध में मरे जापानी सैनिकों के अवशेष हैं।



## भूत हर जगह दिखते हैं मुझे, पीछा नहीं छोड़ते, महिला का दावा

लंदन। क्या आप भूतों में विश्वास करते हैं? यह एक बहस का विषय है, लेकिन दुनिया में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो भूतों में ना केवल विश्वास करते है, बल्कि यह भी दावा करते हैं कि वे उनसे बातचीत कर सकते हैं। ऐसे लोग केवल भारत या तीसरी दुनिया के देशों में ही नहीं हैं, बल्कि ब्रिटेन अमेरिका में भी पढ़े लिखे लोगों में भी ऐसा दावा करने वाले हैं। 27 साल की क्लो स्मिथ, भी ऐसी ही एक साइकिक मीडियम हैं। उनका दावा है कि भूत हर जगह उनके साथ रहते हैं, चाहे वह हवाई जहाज हो, होटल, या उनके माता-पिता का घर. उनका कहना है कि भूत उन्हें छुट्टियों पर भी नहीं छोड़ते।



**रोज़ होती है मुलाकात :** क्लो ने बताया, मैं रोज़ाना भूतों से मुलाकात करती हूं। उन्होंने एक घटना शेयर की, जब वे रेयानेयर फ्लाइट से फ्रांस जा रही थीं। उन्होंने बताया, 'मैं प्लेन में बैठी थी और विमान के अंदर नजर घुमा रही थी, तभी मैंने देखा कि एक भूत एक शख्स के बगल में सिर्फ पांच पंक्तियों आगे बैठा था।'


**भूत भी पहचान लेते हैं क्लो की ताकत :** उसने मेरी ओर देखा, जानता था कि मैं उस कनेक्शन को बना सकती हूं। लेकिन, उसने मेरे शरीर को चैनल की तरह इस्तेमाल करने की बजाय, मज़ेदार तरीके से मुझे सैल्यूट किया, सम्मान दिखाया और साथ ही यह भी जताया कि वह जानता था कि मैं उसे देख सकती हूं। डर्बीशायर के ऐशबोर्न की रहने वाली क्लो उस फ्लाइट में अपने भाई के साथ सफर कर रही थीं और दोनों अपने माता पिता से मिलने फ्रांस जा रहे थे।

---

**नई रोशनी** — टलेगी ये बड़ी मुसीबत!

## अंटार्कटिका से दूर हो रहा खतरे का साया, नासा ने जगाई उम्मीद

वॉशिंगटन। ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण पिछले कुछ सालों से अंटार्कटिका की बर्फ तेजी से पिघलने लगी है। वैज्ञानिकों ने इसे बेहद चिंता का विषय बताया है। वहीं, अब इसको लेकर एक नई रोशनी की किरण देखी जा रही है। अटार्कटिका में वापस बर्फ बढ़ने लगी है। इसको लेकर कुछ वैज्ञानिकों की ओर से रिसर्च की गई। रिसर्च के नतीजे चौंकाने वाले थे।



### अंटार्कटिका में घटती बर्फ की चादर

ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण अंटार्कटिका में बर्फ के घटते स्तर ने वैश्विक तौर पर समस्या खड़ी कर दी है। वहीं अब हाल ही में नासा के सेटेलाइट से पता लगा है कि तापमान में वृद्धि होने के बावजूद अंटार्कटिका में बर्फ जम रही है। इस खोज ने वैज्ञानिकों को चैंकाया है। चीन स्थित शंघाई में 'टोंगजी यूनिवर्सिटी' के शोधकर्ताओं ने नासा के सेटेलाइट से प्राप्त डाटा का इस्तेमाल करते हुए अंटार्कटिका की बर्फ की चादर में पिछले 2 दशकों से अधित समय में हुए बदलाव को ट्रैक किया। कुल मिलाकर इस महाद्वीप में बर्फ के स्तर पर कमी आई है, लेकिन साल 2021-2023 के बीच अंटार्कटिका में खोई हुई बर्फ वापस आई है।

### बर्फ की चादर को किया ट्रैक

'लाइवसाइंस' की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले कुछ समय से अंटार्कटिका में ज्यादा बारिश होने के कारण बर्फ अधिक बनी है।
'साइंस चाइना अर्थ साइंसेज' में पब्लिश रिपोर्ट के मुताबिक नासा के ग्रेविटी रिकवरी एंड क्लाइमेट एक्सपेरीमेंट और गरासे फॉलो ऑन सेटेलाइट के डाटा का विश्लेषण किया गया,जो साल 2002 से इस बर्फ की चादर पर नजर रख रहे हैं।



### उम्मीद की किरण

डाटा में पता चला कि साल 2002-2020 के बीच यहां बर्फ की चादर में लगातार बर्फ का नुकसान हुआ है। साल 2002-2010 के बीच बर्फ प्रति वर्ष औसतन 81 बिलियन टन से बढ़कर साल 2011-2020 के बीच तकरीबन 157 बिलियन टन हो गई। फिर रुझान बदलते हुए साल 2021-2023 बर्फ की चादर का वजन 119 बिलियन टन प्रतिवर्ष बढ़ा। शोधकर्ताओं को उम्मीद है कि बर्फ में लगातार हो रही यह वृद्धि अस्थायी होगी।

## रोजी-रोटी के लिए 40 किलो सामान लादकर हर दिन केदारनाथ की चढ़ाई करता है मजदूर



केदारनाथ। सोशल मीडिया पर अक्सर दिल को छूने वाले वीडियो देखने को मिलते हैं। अब एक केदारनाथ धाम यात्रा का वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो बेहद मार्मिक है। केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान वहां काम करने वाले लोगों के एक कमिया बढ़िया जरिया होता है। ऐसे में कोई भी कमाई मौका नहीं छोड़ना चाहता है। केदारनाथ की चढ़ाई से ऊपर धाम में मिलने वाली खाने-पीने की चीजों को मजदूर पहुंचाते हैं।

सोशल मीडिया पर केदारनाथ धाम में सामान पहुंचाने वाले एक मजदूर का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। एक दिहाड़ी मजदूर दो वक्त की रोटी के लिए हर दिन 40 किलो का बोझ उठाकर ऊपर केदारनाथ धाम जाता है। इस वीडियो को तीन करोड़ से अधिक लोग देख चुके हैं। मजदूर को देखकर लोग भावुक हो रहे हैं।

**इतनी होती है कमाई :** मजदूर ने बताया कि वह इस काम के लिए 2,500 रुपए कमाता है। केदारनाथ धाम ट्रैक को ऊंचाई, ऊबड़-खाबड़ इलाके और बिगड़ते मौसम के लिए जाना जाता है। भारत में सबसे चुनौतीपूर्ण तीर्थ यात्रा मार्गों में से एक है।

### लोगों की प्रतिक्रियाएं

उसने बताया कि ऊपर धाम के पास एक बोतल की कीमत 100 रुपये है। मजदूर का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है तो, लोग इस पर उस मजदूर को दिल से सलाम कर रहे हैं। वीडियो पर एक शख्स ने कहा कि इसे कहते हैं कड़ी मेहनत, दिल से सलाम, भगवान आपको आशीर्वाद दें। दूसरे यूजर का कहना है कि 2500 रुपये तो बहुत कम है मेहनत के हिसाब से। लोग इस वीडियो को शेयर कर रहे हैं।


## दुनियाभर में मंडरा रहा 500 से अधिक जानवरों की प्रजातियों पर विलुप्त होने का खतरा...

नई दिल्ली। मानव की बढ़ती और घनी होती आबादी, तेजी से भूमि विकास, घटते जंगल, अवैध शिकार और जलवायु परिवर्तन के साथ विज्ञान का प्रकृति के बीच बढ़ता हस्तक्षेप कई समस्याओं का जन्मदाता है। परिणामस्वरूप कई जानवरों की प्रजातियां हैं जो विलुप्त होने के खतरे का सामना कर रही हैं। भारत में हिम तेंदुआ, बंगाल टाइगर से लेकर और भी प्रजातियां हैं, जो लुप्तप्राय की सूची में शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ ने साल 2020 में रेड लिस्ट जारी कर बताया था कि भूमि पर रहने वाले जानवरों की 500 से अधिक प्रजातियां संकटग्रस्त हैं। इनमें से कई प्रजातियों को संघ ने विलुप्तप्राय घोषित कर दिया।



**विलुप्तप्राय प्रजातियों का क्या मतलब है :** लुप्तप्राय प्रजातियों के बारे में जानकारी से पहले बता दें कि विलुप्तप्राय का अर्थ क्या है? यह वह प्रजाति है जो किसी समय किसी क्षेत्र में पाई जाती थी। लेकिन, अब इसकी जनसंख्या 50 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत से भी कम हो गई है। रेड डेटा बुक में इनका नाम शामिल है।

**भारत की वो प्रजातियां जो हैं विलुप्त होने के कगार पर :** भारत में भी कई प्रजातियां ऐसी हैं, जो विलुप्त होने के कगार पर हैं। अवैध शिकार और बदलते जलवायु ने इनके अस्तित्व पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विलुप्तप्राय लिस्ट में एशियाई हाथी, गंगा नदी डॉल्फिन, एक सींग वाला गैंडा, हिम तेंदुआ और बंगाल टाइगर के साथ अन्य प्रजातियों के नाम शामिल हैं।



### हिम तेंदुआ

दुखद, लेकिन सत्य है कि भारत में हिम तेंदुओं की संख्या मात्र 500 रह गई है। यह प्रजाति भारत के साथ चीन, नेपाल, भूटान, रूस, पाकिस्तान, अफगानिस्तान के साथ ही मंगोलिया में भी पाई जातीहै। गैंडों की तरह हिम तेंदुओं को भी अपनी खाल, हड्डियों और शरीर के अन्य अंगों की वजह से संकट का सामना करना पड़ रहा है। अवैध व्यापार या शिकार इनके लिए और भी खतरनाक है।

### बंगाल टाइगर

बंगाल टाइगर को भी अपनी खाल और शरीर के अन्य अंगों के लिए अवैध शिकार का सामना करना पड़ा है। शहरी विस्तार और तेजी से घटते जंगल इनके लिए और भी नुकसानदायी साबित हुए हैं। खतरों की वजह से इन प्रजातियों के जानवारों पर अस्तित्व का खतरा मंडरा रहा है।

## 5000 साल से ताबूत में रखी ममी से आ रही है खुशबू



काहिरा। ममी एक संरक्षित शव होता है। इसे सड़ने से बचाने के लिए विशेष प्रक्रियाओं का पालन किया जाता है। प्राचीन मिस्र में मृतकों के शरीर को संरक्षित करने के लिए व्यापक तौर पर इन विशेष प्रक्रियाओं को अपनाया गया था। हालांकि, दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी ममीकरण की अलग-अलग प्रथाएं थीं। ममीकरण का मुख्य उद्देश्य मृत शरीर को सुरक्षित और संरक्षित रखना था ताकि आत्मा अगले जीवन में शरीर को वापस पा सके। कई बार लोगों के मन में सवाल आता है कि ममी से सड़ने और गलने की गंध आती होगी, लेकिन एक शोध में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। वैज्ञानिकों ने शोध में पाया कि 5000 साल तक ताबूत में रखी एक प्राचीन मिस्र की ममी से अभी भी अच्छी खुशबू आती है। शोधकर्ताओं ने नौ ममी की जांच की। इस दौरान उन्होंने पाया कि उनकी गंध की तीव्रता में अंतर था, लेकिन सभी की खुशबू को लकड़ी जैसी, मसालेदार और मीठी बताया है।

### गंध को फिर से बनाने की कोशिश में लगे हैं वैज्ञानिक

शोधकर्ताओं ने कहा कि गंध की संरचना को रासायनिक रूप से फिर से बनाया जाता है, दूसरों को ममी की गंध का अनुभव करने को मिलेगा और यह बताया जा सकता है कि अंदर के शव कब सड़ने लगे हैं। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के इंस्टीट्यूट फॉर सस्टेनलब हेरिटेज में शोध निदेशक सेसिलिया बेम्बिब्रे ने रिसर्च करने वाली टीम का नेतृत्व किया है। उन्होंने कहा कि हम ममी को सूंघने के अनुभव को बताना चाहते हैं। इसलिए हम काहिरा में मिस्र के संग्रहालय में प्रस्तुत करने के लिए गंध का पुनिर्निर्माण करने का काम कर रहे हैं।

### ममीकरण करते समय लगाते थे सुगंधित लेप

उनका कहना है कि प्राचीन मिस्र के लोग मृत शरीर का ममीकरण करते समय उस पर सुगंधित लेप लगाते थे। वह मानते थे कि ममी बनाने के दौरान रखी गई चीजें व्यक्ति की आत्मा के साथ परलोक में जाती हैं। इसके कारण ही ममीकरण के दौरान फेराओ (राजा) और कुलीन वर्ग के सदस्यों को तेल, मोम और बाम से सजाया जाता था। बेम्बिब्रे ने बताया कि फिल्मों और किताबों में ममी की गंध को सूंघने वाले व्यक्ति के साथ भयानक घटनाएं घटती हैं। जर्नल ऑफ द अमेरिकन केमिकल सोसाइटी में प्रकाशित लेख में कहा गया है कि ममी के अंदर बिना कोई हस्तक्षेप किए नमूना लिया गया।

**कीमती** — दुनिया में अलग-अलग देशों के आम की भी है अपनी खासियत

## जापान में मिलता है दुनिया का सबसे महंगा आम

नई दिल्ली। आम को फलों का राजा कहा जाता है। दुनिया में आम की कई किस्में मिलती हैं। दुनिया में अलग-अलग देशों के आम की भी अपनी खासियत है। दशहरी, चौसा और लंगड़ा आम का नाम तो आप सभी ने सुना होगा, लेकिन आज हम आपको एक ऐसे आम के बारे में बताएंगे जिसकी कीमत जानकर आपके होश उड़ जाएंगे। यह खास आम जापान में मिलता है। यह आम भारत में भी पाया जाता है।

**एक आम की कीमत 21 हजार :** भारत में तइयो नो तमांगो नस्ल के एक आम की कीमत 21 हजार बताई जाती है। पूर्णिया में इस नस्ल का एक पेड़ है जो 25 साल से मौजूद है। इस आम को खाने पर मिठास के अलावा नारियल और अन्नास का भी हल्का स्वाद आता है। इस आम को खास तरीके से तैयार किया जाता है। आम के पेड़ पर फल आने के बाद एक-एक फल को जालीदार कपड़े में बांध दिया जाया है। इसकी वजह से आम का रंग अलग होता है। जामुनी रंग का यह आम देखने में भी बेहद खूबसूरत नजर आता है।



### इंटरनेशनल मार्केट में अलफांसो की मांग

भारत में सबसे महंगे आम की बात करें, तो अल्फांसो या हापुस आम सबसे महंगा बिकता है। यह आम इतना स्वादिष्ट होता है कि इसको स्वर्गबूटी भी कहा जाता है। यह आम अपनी मिठास और सुगंध के लिए जाना जाता है। भारत में मिलने वाले इस आम को जीआई टैग मिला है। इंटरनेशनल मार्केट में अलफांसो की भारी मांग है। यूरोप और जापान के अलावा अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में भी अलफांसो की मांग बढ़ गई है। जापान में तइयो नो तमांगो आम की खेती 70 और 80 के दशक में शुरू हुई थी। दुनिया का सबसे महंगा यह आम गर्म मौसम, अधिक समय तक धूप और बारिश में रहने के बाद पकता है।

### तइयो नो तमांगो

जापान में मिलने वाले दुनिया के सबसे महंगे आम का नाम तइयो नो तमांगो है। यह जापान के मियाजाकी में होता है, तो वहीं बिहार के पूणिया और मध्य प्रदेश के जबलपुर में भी मिलता है। इस आम को मियाजाकी आम भी कहा जाता है। इस आम को खरीदने के बारे में आम आदमी सपने में भी नहीं सोच सकता है। आमतौर यह आम जापान के क्यूशू प्रान्त के मियाजाकी शहर में उगाया जाता है। लेकिन, मध्य प्रदेश के जबलपुर में भी इसके कुछ पेड़ हैं और बिहार के पूर्णिया में एक पेड़ मौजूद है। इस आम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 2.7 लाख रुपए प्रति किलोग्राम है।

रायपुर, सोमवार 19 मई 2025 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष सप्तमी | वर्ष: 23, अंक: 301 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य: 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | समाचार ही नहीं, विचार भी




- मां की ममता की शक्ति के आगे कोई जोर नहीं
- वनमंत्री कश्यप ने भी शेयर किया वीडियो

घटना बस्तर अबूझमाड़ के जंगल की | सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो

### ढाल बनकर भिड़ गई बाघ से

वीडियो में दिख रहा है कि बाघ जब भालू शावक पर हमला करता है, उस दौरान मादा भालू सामने आ जाती है और शावक को पीछे कर ढाल बनकर खड़ी होकर जोर-जोर से चिल्लाने लगती है। इस दौरान भालू शावक अपने मां के पीठ पर सवार हो जाता है। बाघ के भागने के बाद मादा भालू अपने शावक को लेकर वहां से निकल जाती है।



# शावक को बचाने बाघ से भिड़ गई मादा भालू, तेवर देख भागा बाघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर/कोंडागांव

मां की ममता की मिसाल पेश करने वाला एक ऐसा वीडियो सामने आया है, जिसमें बाघ हाथ आए शिकार को छोड़कर भागने को विवश हो जाता है। पूरा मामला बस्तर अबूझमाड़ जंगल का है, जहां बाघ एक भालू शावक का शिकार करने पहुंचता है। इसी दौरान पास खड़ी मादा भालू देख लेती है और अपने शावक को बचाने वह ढाल बनकर खड़ी हो जाती है तथा जोर-जोर से शोर मचाने लगती है। भालू के चिल्लाने की आवाज सुनकर बाघ भागने को मजबूर हो जाता है। सोशल मीडिया पर वायरल

खास खबर



### वन मंत्री ने की तारीफ

छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ने इस वीडियो को शेयर करते हुए मां के ममता की तारीफ की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट में लिखा, "अबूझमाड़ के पांगुड़ में बन रही नई सड़क के बीच में मादा भालू अपने बच्चे को टाइगर से बचाने भिड़ गई। मां के ममत्व के आगे टाइगर को वहां से भागना पड़ा।" इस वीडियो को कई अन्य नेताओं और सोशल मीडिया यूजर्स ने भी शेयर किया है, जिससे यह तेजी से वायरल हो रहा है।

वीडियो देखकर लोग यही कह रहे हैं कि मां की ममता की शक्ति के आगे किसी का जोर नहीं चलता। वन मंत्री केदार कश्यप ने इस वीडियो को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करते हुए लिखा, "मां आखिर मां होती है।"

वीडियो अबूझमाड़ के पांगुड़ क्षेत्र में बन रही एक नई सड़क के पास का है। इसमें एक मादा भालू अपने बच्चे को बाघ के हमले से बचाने के लिए उससे भिड़ जाती है। मादा भालू की इस हिम्मत के आगे बाघ को पीछे हटना पड़ता है और वह वहां से भाग जाता है। इस दिल दहला देने वाले दृश्य को स्थानीय ग्रामीणों ने अपने मोबाइल में कैद किया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### INDIAN PREMIER LEAGUE स्कोर बोर्ड

पंजाब 219/5 VS राजस्थान 209/7
10 रन से जीता पंजाब
3 विकेट : हरप्रीत बराड़
प्लेयर ऑफ द मैच

दिल्ली 199/3 VS गुजरात 205/0
10 विकेट से जीता गुजरात
108* रन : साई सुदर्शन
प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच
हैदराबाद VS लखनऊ
समय : शाम 7.30 बजे

### खबर संक्षेप

#### चमोली स्थित रुद्रनाथ मंदिर के कपाट खुले

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में भगवान शिव को समर्पित पंचकेदारों में से एक रुद्रनाथ मंदिर के कपाट रविवार को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। अगले छह माह तक रुद्रनाथ में नियमित पूजा-अर्चना की जाएगी।

## आग में स्वाह हो गई कई जिंदगी : हैदराबाद में 17, महाराष्ट्र में 8 और छत्तीसगढ़ में 1 की मौत

# चारमीनार के पास इमारत में भीषण आग, 8 बच्चों समेत 17 जिंदा जले

**खास बातें**
- शॉट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही
- धुआं फैलने से लोगों का घुट गया दम और हो गई मौत

*हैदराबाद में ऐतिहासिक चारमीनार के पास स्थित गुलजार हाउस की इमारत में रविवार सुबह भीषण आग लगने से 17 लोगों की मौत हो गई। आग संभवतः शॉट सर्किट से लगी। इस घटना में जान गंवाने वालों में कई बच्चे हैं। अस्पताल ले जाए गए सभी 17 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। इस इमारत से बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता एक लंबी और संकरी सीढ़ी थी, लेकिन लोग उस रास्ते से तेजी से बाहर नहीं निकल सके।*

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

इमारत के भूतल पर आभूषण की दुकानें थीं और ऊपरी मंजिल पर एक फ्लैट में लोग रह रहे थे। धुआं फैलने से लोगों का दम घुटने लगा। तेलंगाना राज्य आपदा प्रतिक्रिया और अग्निशमन सेवा के महानिदेशक वाई नागी रेड्डी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि आग सुबह छह बजे से सवा छह बजे देखी गई। उन्होंने बताया कि सुबह 6.16 बजे अग्निशमन विभाग को सूचना मिली और दमकल गाड़ी जल्द ही वहां पहुंच गई। उन्होंने बताया कि भूतल पर दुकानें थीं, जबकि इमारत की प्रथम और द्वितीय तल पर आवासीय परिसर था। रेड्डी ने कहा, प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉपिंग क्षेत्र में बिजली की मुख्य आपूर्ति में शॉर्ट सर्किट होना प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि आग लगने के समय इमारत में कुल 21 लोग थे।

#### राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने दुख जताया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद में आग लगने की घटना में जानमाल की हानि पर दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, तेलंगाना के हैदराबाद में आग लगने की घटना में लोगों की मौत होने से बहुत दुखी हूं। मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे।



#### इनकी हो गई मौत

पुलिस के अनुसार, हादसे में मृत लोगों की पहचान 30 वर्षीय अभिषेक मोदी, राजेंद्र कुमार (67), मुन्नीभाई (72), सुमित्रा (65), इराज (2 वर्ष), आरुषि जैन (17), हर्षाली गुप्ता (7 वर्ष) और शीतज जैन (37) के रूप में की गई है। इसके अलावा कुछ लोगों की पहचान की गई है। पीड़ितों में दो बच्चे और एक नाबालिग है।

#### फैक्टरी में भीषण आग, तीन महिला-एक बच्चे समेत 8 की मौत



**मुंबई।** महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में रविवार को एक फैक्टरी में भीषण आग लग जाने के कारण तीन महिलाओं और एक बच्चे समेत आठ लोगों की मौत हो गई। सोलापुर एमआईडीसी के अक्कलकोट रोड पर स्थित सेंट्रल टेक्सटाइल मिल्स में तड़के करीब 3:45 बजे आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट लग रहा है।

**परसाई में दर्दनाक हादसा**

#### घर में लगी आग बाहर नहीं निकल पाया बुजुर्ग, मौत

**भिलाई।** मकान में अचानक आग लगने से एक बुजुर्ग के जिंदा जलने से मौत हो गई। मृतक उतई थाना अंतर्गत ग्राम परसाई निवासी शिव प्रसाद खिलाड़ी बताया गया है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। बताया जाता है कि लगी आग पर जब तक काबू पाया गया और शव को बाहर निकाला गया, मृतक जलकर खाक हो चुका था। घटना के समय मृतक की पत्नी दिशा मैदान के लिए गई हुई थी। एएसपी पद्मश्री तंवर के मुताबिक शनिवार की रात पुलिस को खबर मिली कि एक मकान में आग लग गई ⏭ शेष पेज 5 पर



## गुजरात टाइटंस सहित 3 टीमें प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

गुजरात टाइटंस की धमाकेदार जीत से आईपीएल 2025 के प्लेऑफ की तस्वीर साफ हो गई है। टॉप-3 टीमें प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर गई हैं। इसमें गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स शामिल हैं। एक स्थान के लिए मुंबई इंडियंस और दिल्ली में टक्कर देखने को मिलेगी।

गुजरात की जीत से दो अन्य टीमों का भी फायदा हुआ। गुजरात टाइटन्स 18 अंक के साथ प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बनी। इसके साथ ही आरसीबी 17 अंक और पंजाब 17 प्वाइंट्स के साथ प्लेऑफ में पहुंचने वाली दूसरी और तीसरी टीम बनीं। मुंबई के 12 मैचों में 14 अंक है और वह तालिका में पांचवे स्थान पर है। 12 मैच में 13 अंक से दिल्ली की टीम छठे स्थान पर है।

#### 10 विकेट से जीता गुजरात

सुपर संडे के डबल हैडर मैचों के दूसरे मुकाबले में गुजरात ने दिल्ली को 10 विकेट से हराते हुए धमाकेदार जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने 3 विकेट पर 199 रन बनाए। उसके लिए केएल राहुल ने 65 गेंदों में 112 रनों की नाबाद पारी खेली। जवाब में टाइटंस ने बिना विकेट गंवाए 19 ओवर में 205 रन बनाकर जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने नाबाद 108 रन और कप्तान शुभमन गिल ने नाबाद 93 रन बनाए।

## पाक में मारा गया भारत का मोस्ट वांटेड लश्कर का टॉप कमांडर अबू सैफुल्लाह



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय पर वर्ष 2006 में हुए हमले के मुख्य षडयंत्रकारी और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी अबू सैफुल्ला उर्फ रजाउल्ला निजामनी खालिद की रविवार को पाकिस्तान के सिंध प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। सैफुल्लाह खालिद भारत में तीन बड़े आतंकवादी हमलों का मुख्य साजिशकर्ता था।

#### पहलगाम हमले से पहले पाक गई थी ज्योति

जासूसी के आरोप में पकड़ी गई हरियाणा के हिसार की ज्योति मल्होत्रा को लेकर अब तरह-तरह के खुलासे हो रहे हैं। एसपी हिसार शशांक कुमार सावन ने बताया कि पाकिस्तान उसे एक एसेट की तरह विकसित कर रहा था। वह पहलगाम हमले से पहले पाकिस्तान में थी। जांच में पता चला है कि वह 2023 में वीजा लगवाने के लिए पाकिस्तान हाई कमीशन गई थी।



*8 राज्यों के सीएम को लिखा पत्र*

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर राष्ट्रपति के सवालों से भड़के स्टालिन

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने पश्चिम बंगाल समेत 8 राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने राष्ट्रपति और राज्यपाल के लिए विधेयकों पर निर्धारित समयसीमा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में भेजे गए राष्ट्रपति के संदर्भ का विरोध करने की अपील की। साथ ही, इसे लेकर ⏭ शेष पेज 5 पर

#### शक्तियों के विभाजन पर छिड़ी बहस

यह मामला तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि की ओर से 10 विधेयकों को लंबित रखने के बाद शुरू हुआ, जिसे कोर्ट ने अवैध ठहराया। अब मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई को पांच या अधिक जजों की संविधान पीठ गठित कर इन सवालों पर राय देनी होगी।

## कालेजों में पढ़ाई के साथ छात्र सीखेंगे कौशल विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के नौ कॉलेज में नए शिक्षा सत्र से अब पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों को कौशल विकास और उद्योग कुशल के भी गुर सिखाए जाएगें। कालेज से डिग्री लेकर निकलने वाले विद्यार्थी रोजगार के लिए यहां-वहां न भटके इसके लिए राज्य शासन ने पहल की है। राज्य के उद्योग अकादमी सहयोग प्रकोष्ठ ने ⏭ शेष पेज 5 पर

- छत्तीसगढ़ के नौ कॉलेजों में नए शिक्षा सत्र से नई तैयारी



#### इन कॉलेज का चयन

कौशल विकास और उद्योग कुशल के लिए शासकीय नागार्जुन विज्ञान कॉलेज रायपुर, शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला कॉलेज रायपुर, शासकीय जे योगानन्दम छत्तीसगढ़ कालेज रायपुर, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर ⏭ शेष पेज 5 पर

## दो दशक बाद पहली बार सूखा मोंगरा बैराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

अविभाजित राजनांदगांव सबसे बडा जलाशय मोंगरा बैराज इस वर्ष पूरी तरह सूख गया है। वर्तमान में बैराज की दशा को देखकर यह लगता है कि यह पानी नहीं, बल्कि ठूठों का बैराज है। बैराज में इस वर्ष केचमेंट ⏭ शेष पेज 5 पर

- समय पर बारिश नहीं, तो तीन जिलों में गहराएगा जल संकट

#### भारी पेयजल संकट

*मोंगरा बैराज के समय से पहले सूख जाने से इस वर्ष नगर व क्षेत्र के निवासियों को गर्मी में भारी पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। बैराज के सूख जाने से अब लोगो को अपनी प्राकृतिक जल स्रोत की ओर लौटना पड़ रहा है।*

*- अनिल मानिकपुरी, नगर पंचायत अध्यक्ष*



## चिंतन

# आतंकवाद के पोषक देश पाक की घेराबंदी जरूरी

पाकिस्तान की माली हालात किसी से छिपी नहीं है। कौन नहीं जानता कि बीते साल की अंतिम तिमाही के दौरान अगर कर्ज नहीं मिलता तो पाकिस्तान दिवालिया हो चुका होता। हालांकि अब उसके हालात में कुछ सुधार है, लेकिन ऐसा तो कतई नहीं है कि खजाना भर चुका है और वो जो चाहे कर सकता है। वर्तमान में भी पाकिस्तान पर विदेशी कर्ज का शिकंजा इतना कड़ा है कि वो कभी भी फिर से दलदल में फंस सकता है। विदेशी कर्ज बढ़कर 7.3 लाख करोड़ हो चुका है जबकि देशी कर्ज का आंकड़ा 14.3 लाख करोड़ को पार कर गया है। वहां पैदा होने वाले हर बच्चे के सिर पर 86.5 हजार रुपये कर्ज है। इतना होने के बावजूद पाक हुकूमत है कि सुधरने का नाम नहीं ले रही। वो कर्ज लेकर आतंकियों के पोषण में लगी है। लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद समेत न जाने कितने आतंकी समूह हैं जिन्हें पाक सरकार पाल-पोस रही है। लश्कर-ए-तैयबा ने 21 देशों में पहचाने गए भर्ती नेटवर्क के साथ अंतरराष्ट्रीय पहुंच बना रखी है। संगठन का टारगेट किसी भी तरह से भारत में अशांति पैदा करना है। इसका नेतृत्व अंतरराष्ट्रीय आतंकी हाफ़िज़ मुहम्मद सईद करता है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद वह पाकिस्तान में सक्रिय है। बाकायदा उसे वीआईपी ट्रीटमेंट दिया जाता है। इसी गुट में ज़फ़र इक़बाल, मुहम्मद याह्या मुजाहिद और ज़कीउर रहमान लखवी भी शामिल हैं। लखवी 2008 में मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड में से एक था। लेकिन पाक सरकार ने उसे खूब संरक्षण दिया। ऐसे ही पाक सरकार के नापाक इरादों के कारण जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी गुट फल फूल रहे हैं। हैरत की बात है कि पूरी दुनिया को पाक के आतंकी नेटवर्क की जानकारी होने के बावजूद इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ने उसे कर्ज जारी कर दिया, लेकिन देर आए दुरुस्त आए। अब आईएमएफ ने पाकिस्तान को भारत के साथ बढ़ते तनाव पर चेतावनी दी है। संगठन ने कहा कि अगर हालात नहीं सुधरे, तो पाकिस्तान के एक बिलियन डॉलर (करीब 8,542 करोड़) के बेलआउट प्रोग्राम की अगली किस्त रोकी जा सकती है। साथ ही, लोन की अगली किश्त जारी करने के लिए पाकिस्तान पर 11 नई शर्तें लगाई गई हैं। अब लोन के लिए पाकिस्तान पर कुल शर्तें 50 हो गई हैं। आईएमएफ ने कहा कि अगर तनाव जारी रहा या और बढ़ा, तो पाकिस्तान का रक्षा बजट लोन पर बोझ बन सकता है। ये पहले ही 12 फीसदी बढ़कर 2.414 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपया हो चुका है और पाक सरकार इसे 18 प्रतिशत बढ़ाकर 2.5 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपया करने पर अड़ी है। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के एग्जीक्यूटिव बोर्ड ने 9 मई को पाकिस्तान को 1.4 बिलियन डॉलर (करीब 12 हजार करोड़) का नया लोन दिया था, लेकिन अब लोन की अगली किश्त के लिए नई शर्तों को जोड़ा गया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आईएमएफ अपने इस फैसले पर सख्ती से अमल करेगा। इसके अलावा आतंकी फंडिंग पर निगाह रखने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था एफएटीएफ भी उसे ग्रे से काली सूची में डालेगा। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि पाकिस्तान की घेरेबंदी जारी रहे। अगर वह आतंक का रास्ता न छोड़े तो उसे एफएटीएफ की काली सूची में अवश्य डाला जाए। जैसे भारत की आपत्ति के बाद अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने सख्ती दिखाई है, उसी तरह एफएटीएफ को भी सचेत किया जाना चाहिए ताकि वो पाक को ईरान और उत्तर कोरिया की तरह अलग-थलग करे। अगर ऐसा हुआ तो पाकिस्तान खुद ही अपने बोझ से टूटकर बिखर जाएगा।



कूटनीति

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# शशि थरूर पर हंगामा क्यों है बरपा

**मोदी सरकार का निर्णय है कि ऑपरेशन सिंदूर और भारत की सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई के संदर्भ में, सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेंगे। इस विशेष पहल को लेकर पॉलिटिक्स इसलिए हो रही है क्योंकि भारत के प्रधान मंत्री ने जिन सात लोगों को विशेष नेतृत्व करने की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी, उसमें शशि थरूर का नाम कैसे सम्मिलित हो गया। यद्यपि सर्वविदित है कि शशि थरूर अच्छे डिप्लोमेट हैं। वह भारत के विदेश राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। वह विश्व की डिप्लोमेटिक स्थिति को भली प्रकार समझते हैं और अपनी बात भारत के पक्ष में रखने के लिए सबसे सशक्त व्यक्तित्व हैं।**

भारत की नरेंद्र मोदी सरकार ने विश्व के विविध देशों में भारतीय प्रतिनिधियों को भेजकर यह सन्देश देने का बीड़ा उठाया है कि हम पाकिस्तान के गलत इरादे को अब कामयाब नहीं होने देंगे। पाकिस्तान की आतंकवादी गतिविधि, युद्ध परस्त नीति एवं हिंसक सत्ता को इस प्रकार विश्व स्तर पर उजागर करने का यह इनिशिएटिव पूरे भारत में प्रशंसा बटोर रहा है। सरकार का निर्णय है कि ऑपरेशन सिंदूर और भारत की सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई के संदर्भ में, सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेंगे।

यह प्रतिनिधिमंडल सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ शून्य-सहिष्णु बनाने के देश के मजबूत संदेश को आगे बढ़ाएंगे। विभिन्न दलों के संसद सदस्य, प्रमुख राजनीतिक हस्तियां और प्रतिष्ठित राजनयिक में बतौर टीम लीडर जो नाम उभरकर आया है, उसमें सम्मिलित हैं शशि थरूर, कांग्रेस, रविशंकर प्रसाद, भाजपा, संजय कुमार झा, जदयू, बैजयंत पांडा, भाजपा, कनिमोझी करुणानिधि, डीएमके, सुप्रिया सुले, एनसीपी, श्रीकांत एकनाथ शिंदे, शिव सेना। सरकार की इस पहल की प्रशंसा होनी भी चाहिए, क्योंकि जिस प्रकार से तुर्किये और चीन की छांव पाकर पाकिस्तान भारत में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और उस पर कार्रवाई भारत करे तो युद्ध करने को तैयार है, वह निंदनीय भी है और उसकी नीति को उजागर करना भी ज़रूरी है। इस विशेष पहल को लेकर पॉलिटिक्स इसलिए हो रही है क्योंकि भारत के प्रधान मंत्री ने जिन सात लोगों को विशेष नेतृत्व करने की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी, उसमें शशि थरूर का नाम कैसे सम्मिलित हो गया। यद्यपि पूरे भारत और विश्व को विदित है कि शशि थरूर अच्छे डिप्लोमेट हैं। वह भारत के विदेश राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। वह विश्व की डिप्लोमेटिक स्थिति को भली प्रकार समझते हैं और अपनी बात भारत के पक्ष में रखने के लिए सबसे सशक्त व्यक्तित्व हैं। उन्होंने असिस्टेंट सेक्रेटरी जनरल जैसे महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन किया है। भारत की विदेश नीति के लिए वह केवल सशक्त हस्ताक्षर नहीं हैं अपितु उन्हें एक अच्छे वक्ता, लेखक के रूप में जाना जाता है तो वह भारतीय संस्कृति व सभ्यता के सशक्त संरक्षक भी हैं, यह भी देश को समझना चाहिए। इसलिए नरेंद्र मोदी ने शशि थरूर को अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को लीड करने की जो जिम्मेदारी दी है, वह निश्चित रूप से प्रशंसनीय है।

इस चयन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें इस बात का भान है कि कौन सा व्यक्ति अमेरिका में जाकर भारत का मजबूती से पक्ष रख सकता है और वहां भारत का झंडा ऊंचा करके आ सकता है। विगत दो-तीन सप्ताह में भारत और अमेरिका के संबंध बहुत स्थिर नहीं रहे। राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद इतनी बार बयां बदले और इतने तरीके से रंग बदले कि भारत ही नहीं पूरा विश्व कन्फ्यूज है कि ट्रंप कहना क्या चाहते हैं और वास्तविकता है क्या? उन्होंने अपने अंतिम इंटरव्यू फॉक्स न्यूज में यह कह दिया कि सीज फायर तो हमने ही करवाई है लेकिन भारत उन्हें श्रेय नहीं देना चाहता। उसके पहले उन्होंने न जाने कितनी जगह जाकर भारत



के बारे में जो मन में आया खूब उसे प्रचारित व प्रसारित किया। वह गुस्से में आकर यह भी कहने लगे कि एप्पल के प्रोजेक्ट को हम खींच रहे हैं।

व्यापक पैमाने पर जब यह ख़बरें गयी तो विश्व में यह सन्देश गया कि भारतीय डिप्लोमेसी ट्रेड डील को भी शायद गंवा देगी। ऐसी स्थिति में यदि नरेंद्र मोदी ने शशि थरूर को अमेरिकी भूमि पर जाकर भारतीय पक्ष को रखने की जिम्मेदारी दी है तो यह उनकी अपनी सूझबूझ है। इस पर कांग्रेस सरकार का पलटवार है और भारत में शशि थरूर पर भी प्रश्नों की बौछार है लेकिन शशि थरूर एक सुलझे हुए ऐसे व्यक्तित्व हैं जो यह जानते हैं कि उनके लिए नेशन फर्स्ट का अर्थ क्या है और उन्हें इस स्थिति में क्या करना चाहिए। शशि थरूर ने जो यह कहा कि हमें सरकार ने यदि जिम्मेदारी दी है तो मैं अपने दायित्व का निर्वहन करूंगा और हमारे लिए नेशन फर्स्ट है उसके बाद हम पॉलिटिकल पार्टी को कुछ समझते हैं। निःसंदेह किसी भी आम भारतीय नागरिक का यही बयान होना चाहिए जहां देश की बात आ जाए। अब कांग्रेस का सबसे बड़ा संकट यह है कि शशि थरूर का नाम उसने नहीं भेजा था। उनके नाम को कहां से आगे लाया गया और जिस नाम को भेजा गया उन्हें क्यों सरकार ने तरजीह नहीं दी। कांग्रेस का संकट यह है कि कि उसके तो ब्रांड अंबेसडर शर्मा व गोगोई थे फिर शशि थरूर का नाम क्यों आगे लाया गया? शशि थरूर को भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी सरकार ने क्यों अमेरिका में डेलिगेशन को लीड करने की जिम्मेदारी दी? लेकिन कांग्रेस को यह नहीं भूलना चाहिए कि शशि थरूर अमेरिकी सरकार के सामने मजबूती से अपनी बात को रख सकते हैं तो वह भारत की ज़रूरत हैं। उसे रिएक्ट नहीं करना चाहिए। यदि सही राजनीति आती तो कांग्रेस को एक पत्र लिखकर यह कहना चाहिए था कि मोदी जी आपने बहुत अच्छा निर्णय लिया। शशि थरूर ही सही ज़वाब दे सकते हैं अमेरिकी ट्रंप सरकार को और वही सही से पाकिस्तान की नकारात्मक कार्रवाइयों को सही से लच्छेदार भाषा में उजागर भी कर सकते हैं। लेकिन यह बड़े दिल को प्रत्यारोपित करके कांग्रेस से करवाया नहीं जा सकता। यदि नेहरू या इंदिरा होते तो ज़रूर शशि थरूर के नाम को आगे बढ़ने पर ख़ुशी ज़ाहिर करते। भारत वास्तव में अब जिस ओर बढ़ गया है उसके परिणाम आने वाले एक साल बाद दिखेंगे। सरकार का यह मानना है कि हम विश्व में पाकिस्तान को एक्सपोज करेंगे और भारत के बारे में अच्छी छवि गढ़ेंगे। यह ठीक है लेकिन यह एक बार डेलिगेशन के चले जाने से बहुत फर्क पड़ने वाला नहीं है। यह एक निरंतर गतिविधि का हिस्सा बनना चाहिए और कायदे से नरेंद्र मोदी सरकार को अब यह चाहिए कि वह इस अभियान को लगातार बनाए रखे। यह इसलिए भी ज़रूरी है क्योंकि डेलीगेशन एक आंधी की भांति हो सकता है। कुछ समय के लिए अपनी हवा का असर डाल दे लेकिन हमेशा वह कैसे बना रहा सकता है, इस पर विचार होना चाहिए। नरेंद्र मोदी सरकार को इस डेलीगेशन के माध्यम से केवल पाकिस्तान को टार्गेट नहीं करना चाहिए अपितु उसे संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी सदयता व वीटो पॉवर के लिए भी भारतीय दृष्टि स्पष्ट करनी चाहिए। अपने शांति व सौहार्द की नीति के साथ उसे यह भी विश्वास जीतने की कोशिश करनी चाहिए कि जिन देशों में भारतीय शिष्टमंडल जाए, वह यह भी कहे कि यदि भारत को वीटो पॉवर मिलती है तो वह सहयोगी देशों में भी अमन व शांति के स्थाई विकास के लिए कार्य कर सकेगा। जो भी हो, दृष्टि व दूरदर्शिता से ही भारत अपने लक्ष्य को उपलब्धियों में बदल सकता है। शशि थरूर इसमें सरकार के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी बन सकते हैं। सकारात्मक होकर सोचें तो हंगामा करने की जगह सहयोग व प्रसन्नता को अभिव्यक्त करके देखें, निश्चय ही वह अपने देश की प्रसन्नता की बात होगी।

*(लेखक केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।)*

## बयानबाज़ी

डा. चन्द्र त्रिखा



# विकृत मानसिकता वाले नेताओं पर लगे अंकुश

कभी-कभी लगता है कि हमारे आसपास ऐसे राजनेताओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है जो अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। मध्यप्रदेश के एक मंत्री और उत्तरप्रदेश के एक वरिष्ठ राजनेता के बयान ऐसा साफ संकेत दे रहे हैं कि राजनेताओं के एक वर्ग ने भाषा की मर्यादा व गरिमा को तार-तार करने का बीड़ा उठा लिया है। मीडिया के समक्ष भी ढेरों महत्वपूर्ण विषय थे, 'कवरेज' और विश्लेषण के लिए, मगर चंद असंतुलित मानसिकता वाले नेताओं ने मीडिया की उस 'स्पेस' पर भी डाका डाल लिया। मध्यप्रदेश के एक चर्चित मंत्री को तत्काल नकेल डालने के प्रयास केंद्र की ओर से होते तो शायद उत्तरप्रदेश व बिहार के कुछ नेताओं को बेलगाम ज़हरीले बोल बोलने का साहस न होता। हाईकोर्ट के जिस न्यायधीश ने बड़बोले मंत्री के खिलाफ 'एफआईआर' दर्ज करने का आदेश दिया, उसे अपने आदेश में यह भी जोड़ना पड़ा कि 'हो सकता है कि कल मैं न रहूं, आगामी चार घंटों में ही आदेश का पालन हो'। ऐसी गंभीर टिप्पणी के बाद भी जिस तरह की गोलमोल 'एफआईआर' दर्ज हुई, उससे पता चलता है कि हम किस तरह के माहौल में जी रहे हैं। कभी-कभी लगता है कि हमारा पूरा परिवेश मंटो की एक कहानी 'टोबा टेक सिंह' के पात्रों सरीखा बर्ताव करने लगा है। हमारा देश अपनी राष्ट्रीय अखण्डता की रक्षा व मर्यादा के लिए पूरी गंभीरता से जूझ रहा है, प्रधानमंत्री के साथ-साथ हमारे विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री और गृहमंत्री एक महत्वपूर्ण बिन्दु पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित किए हुए हैं, इधर, कुछ मर्यादाविहीन राजनेता राष्ट्रीय गरिमा पर खरोंचे डालने में लगे हैं। ऐसे मामलों में कोई भी छूट संभव नहीं। मीडिया को भी ऐसी बाज़ारू-सियासत की 'कवरेज' की सीमाएं तय करनी होंगी। एक सुखद पहलू यह है कि अतीत में शशि थरूर व ओवैसी सरीखे कतिपय मुस्लिम नेता भले ही अपने बयानों में कुछ गैर-ज़िम्मेदाराना टिप्पणियां देते रहे हों, मगर इस बार पहलगाम-प्रकरण के मध्य उन्होंने भी इस बात को पूरी गंभीरता से महसूस किया कि बड़बोलेपन की 'रौ' में यदि उनकी तरफ से कोई गैर-जिम्मेदाराना बयानबाज़ी होती है तो उनकी अपनी ही छवि विकृत होगी। विकृत मानसिकता वाले तत्वों के विरुद्ध तात्कालिक अंकुश की ज़रूरत है और विशेष रूप से जब ऐसी मानसिकता वाले लोग उच्च पदों पर आसीन हों। यह मानसिकता भी उतनी ही ज्यादा खतरनाक है, जितना कि आतंकवाद। दोनों के साथ राष्ट्र की गरिमा व सुरक्षा जुड़ी हुई है। इस प्रकरण का एक दुखद पहलू यह भी है कि मध्यप्रदेश के जिस मंत्री के विवादित व बेलगाम बोल से हंगामा आरंभ हुआ था, आठ बार चुनाव जीत चुके हैं। इतनी लम्बी सियासी पारी के बावजूद वह अपनी वाणी को लगाम नहीं दे पाए। अब उनका नया वक्तव्य भी चौकाने वाला है। सर्वोच्च न्यायालय में खिंचाई के बाद अब वह सफाई देने में लगे हैं। उन्होंने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से बाहर ले जाया गया और उनका मकसद कर्नल कुरैशी की बहादुरी की प्रशंसा करना था। कर्नल सोफिया कुरैशी मेरी सगी बहन से भी बढ़कर हैं। वह माफी भी मांग रहे हैं, तो साफ है कि उनका पद खतरे में है। अगर वह पहले ही सावधानी बरतते या गलती होते ही माफी मांग लेते तो मामला इतना नहीं बढ़ता। आज के नेताओं की आदत सी बन गई है कि एक गलती या झूठ छिपाने के लिए वे गलतियों और झूठ का अंबार लगा देते हैं। क्या यह सत्ता का अहंकार है? संसद में गलती एक बार अटल बिहारी वाजपेयी से भी हुई थी, उन्होंने तत्काल सुधार करते हुए कहा था कि चमड़े की जुबान है, फिसल जाती है। बेशक, अच्छा नेता वही होता है जो गलतियां नहीं करता और अगर गलती हो जाए तो तत्काल सुधारता है। जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं को हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि उनके अच्छे-बुरे बोल व गलत-सही कारनामे इतिहास में दर्ज हो रहे हैं। पहले केवल शब्द वायरल होते हैं, पर अब शब्द के साथ वीडियो भी वायरल होता है। बेकाबू व मर्यादाहीन बयानबाज़ी वस्तुतः हमारी आज की राजनीति की एक कटु सच्चाई बन चुकी है। सिर्फ चर्चा में बने रहने के लिए यह जरूरी माना जाता है कि उल्टे सीधे बयान दाग दिए जाएं। छपास का यह रोग भी एक खतरनाक वायरस से कम नहीं है। मगर इसका 'एंटी वायरस' केवल पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के पास ही है। यदि तात्कालिक चेतावनी या कार्यवाही हो जाती तो बात इतनी न बिगड़ती। मगर भाषा की मर्यादा के हनन पर कोई एफआईआर भी तो दर्ज नहीं हो पाती। सिलसिला अभी भी जारी है और यह विकृत मानसिकता, राष्ट्रीय दलों के राष्ट्रीय नेतृत्व व मीडिया के कर्णधारों से भी अंकुश की मोहताज है।

*(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार और साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# क्या आप पूर्ण रूप से सुखी है



संकलित

**दर्शन**

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

# दो अनमोल हीरे



संकलित

**प्रेरणा**

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊँट दिखाई पड़ा। व्यापारीव्यापारी ऊँट खरीद कर घर ले आया। घर पहुँचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊँट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊँट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊँट ख़रीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुँचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊँट बेचने वाला बहुत ख़ुश था। अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊँट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊँट बेचने वाला भड़क गया उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियाँ के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## बारिश की उम्मीद



रविवार को आसमान में काले बादल छाने के कारण बारिश की उम्मीद में किसान कटे हुए धान को घर ले जाते हुए।

## आज की पाती

### बेतुकी बयानबाजी न करें सियासी नेता

कर्नल सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन सिंदूर को कामयाब बनाने के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मिशन के तहत आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना ने हमला किया। कर्नल सोफिया कुरैशी को सारे देश ने सराहा और उनके हौसले व जज्बे को सलाम किया। लेकिन मध्यप्रदेश के एक मंत्री ने सोफिया कुरैशी को लेकर जो बयान दिया, वो बहुत निंदनीय है। इस बयान को लिखने में भी हमें अच्छा नहीं लग रहा है। हालांकि इस मंत्री के बयान से इनकी पार्टी का हाईकमान भी नाराज दिख रहा है और हाइकोर्ट ने भी इसके लिए सख्ती दिखाई और मंत्री को गिरफ्तार करने का भी आदेश दिया है। कुछ राजनेता देश के लिए कुछ खास तो करते नहीं, लेकिन ऐसी गलत बयानबाजी कर देते हैं जिससे देश के लिए कुछ करने वाले लोगों का हौसला कम होता है व उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचती है।

*- प्रकाश लकड़ा, कांकेर*

## ट्रेंड

### शानदार उपलब्धि



दोहा डायमंड लीग 2025 में 90 मीटर का आंकड़ा पार करने और अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत थ्रो हासिल करने के लिए नीरज चोपड़ा को बधाई। यह उनके अथक समर्पण, अनुशासन और जुनून का नतीजा है। भारत को ख़ुशी और गर्व है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सार्थक व उपयोगी बातचीत



सागरमाथा संवाद के लिए नेपाल की यात्रा में 'जलवायु परिवर्तन, पर्वत और मानवता का भविष्य' पर सार्थक और उपयोगी बातचीत हुई। भारत अपने पर्वतों और अपने पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को उलट देता है। हम इसके लिए प्रतिबद्ध हैं

-भूपेन्द्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री

### गहरी संवेदना व्यक्त



हैदराबाद में हुए भीषण अग्निकांड में कई लोगों की मृत्यु और अनेक के घायल होने का समाचार दुखद है। इस शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। -राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### यमुना की सफाई हो



नदी जीवन देती है, किसी का जीवन लेती नहीं है। भाजपा सरकार यमुना पर सिर्फ सियासत करेगी या नदी की सफाई की जगह केवल फंड का सफाया? यमुना नदी ताजमहल के पीछे बहती है, जहाँ दुनिया भर से टूरिस्ट आते हैं। दूषित नदी सरकार की छवि को भी दूषित कर रही है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

## करंट अफेयर

# ब्रिटिश पर्वतारोही ने 19वीं बार फतह किया एवरेस्ट

ब्रिटिश पर्वतारोही गाइड ने रविवार को 19वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की और उन्होंने दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत पर सबसे अधिक बार चढ़ाई करने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। ब्रिटिश पर्वतारोही, माउंट एवरेस्ट पर सबसे ज्यादा बार चढ़ाई करने वाले ऐसे व्यक्ति हैं, जो शेरपा नहीं हैं। 'हिमालयन गाइड्स नेपाल' के ईश्वरी पौडेल ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड के रहने वाले 51 वर्षीय केंटन कूल ने रविवार को कई अन्य पर्वतारोहियों के साथ 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर चढ़ाई की और उनका स्वास्थ्य अच्छा है तथा वे शिखर से नीचे उतर रहे हैं। 'हिमालयन गाइड्स नेपाल' ने अभियान में जरूरी सामान मुहैया कराया था। कूल ने पहली बार 2004 में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी और तब से वे लगभग हर साल ऐसा करते आ रहे हैं। वह 2014 में एवरेस्ट पर चढ़ने में असमर्थ रहे थे क्योंकि 16 शेरपा गाइडों के हिमस्खलन में मारे जाने के बाद अभियान को रद्द कर दिया गया था। वर्ष 2015 में जब भूकंप के कारण हिमस्खलन हुआ था, तब 19 लोगों की मौत हो गयी थी। कोरोनावायरस महामारी के कारण 2020 में सत्र को रद्द कर दिया गया था। सैकड़ों पर्वतारोही और उनके गाइड वसंत मौसम में चढ़ाई के दौरान पहाड़ पर हैं, जिनमें से कई पहले ही सफल हो चुके हैं।



## ऑफ बीट

# रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं

पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है। लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंतःस्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं। ये संकेत या तो शरीर को ठंडा करने के लिए पसीने को सक्रिय करेंगे या शरीर को गर्म करने के लिए कंपकंपी को सक्रिय करेंगे। उम्र या लिंग कोई भी हो, किसी को भी रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है। लेकिन पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रात में पसीना अधिक आता है, इसका मुख्य कारण रजोनिवृत्ति और संबंधित बदलते हार्मोन स्तर हैं। ऐसा माना जाता है कि एस्ट्रोजन के स्तर में बदलाव से नॉरपेनेफ्रिन और सेरोटोनिन के स्तर पर प्रभाव पड़ता है, ये दो न्यूरोट्रांसमीटर हैं, जो हाइपोथैलेमस में तापमान विनियमन को प्रभावित करते हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# रोप-वे का संचालन शुरू एनआईटी ने दी ओके रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर बीते दिनों रोपवे की ट्राली गिरने के बाद सुधार कार्य किया गया। ट्रायल रन और एनआईटी की ओके रिपोर्ट के बाद रोप-वे का संचालन रविवार से एकबार फिर शुरू कर दिया गया है। रोपवे शुरू होने से दर्शनार्थियों को राहत मिली है । रोपवे से इससे ऊपर मंदिर स्थित मां बम्लेश्वरी दर्शन के लिए पहुंचने वाले दर्शनार्थियों अब रोपवे से दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। रोप -वे ट्राली गिरने के हादसे के बाद इसके दोबारा संचालन के लिए फाइनल ओके रिपोर्ट रायपुर एनआईटी की विशेषज्ञ



टीम द्वारा दी गई। जिला प्रशासन ने एनआईटी से टीम को संचालन से पहले तकनीकी बिंदुओं की जांच और फिटनेस की रिपोर्ट तैयार कराई। रोपे- वे को संचालन के लिए तकनीकी रूप से फिट पाया जाने पर संचालन शुरू किया गया।

### हादसे के बाद 22 दिन बंद रहा रोप -वे

मां बमलेश्वरी मंदिर परिसर में बीते 25 अप्रैल को रोपे-वे की एक ट्रॉली गिरने के बाद इसका संचालन बंद हो गया था। लगभग 22 दिनों बाद रोप-वे का फिटनेस पूरा होने के पश्चात संचालन शुरू किया गया है। रोप-वे बंद रहने से दर्शनार्थियों को ऊपर मंदिर जाकर दर्शन करने में काफी समस्या हो रही थी।

### अनुमति के बाद संचालन

मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि प्रशासन की अनुमति के बाद रोप-वे का संचालन शुरू कर दिया गया है। फिटनेस टेस्ट पूरा कर करने के बाद संचालन शुरू हुआ है।

नक्सलियों के खात्मा को लेकर छत्तीसगढ़ में चलाए जा रहे अभियान में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी गड़बड़ी कर रहे हैं। यही कारण है,कि इस पूरे अभियान में छत्तीसगढ़ का पड़ोसी प्रांत जहां कांग्रेस की सरकार है,समर्थन नहीं मिला। कर्रेगुट्टा में नक्सल विरोधी अभियान के समय ही या हम कह सकते है। जब-जब बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया गया है। देश के और हैदराबाद के कतिपय बुद्धिजीवियो को शांतिवार्ता की याद आती है। जब बस्तर के निर्दोष लोगों की नक्सलियों द्वारा हत्या की जाती है, ऐसे बुद्धिजीवी चूप्पी साधे रखते है। ये कैसा दोहरा मापदंड है।

# नक्सलियों के खिलाफ अभियान में राहुल गड़बड़ी कर रहे : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रेसवार्ता में गृहमंत्री विजय शर्मा ने उक्त बातें रविवार को कही। सर्किट हाउस में तेलंगाना से एंटी नक्सल ऑपरेशन में अपेक्षित सहयोग न मिल पाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी गड़बड़ करते हैं, उन्हें दुरुस्त होना चाहिए, उनकी सोच स्पष्ट होनी जरूरी है। पूरे समाज की सुरक्षा की बात है, इतने बड़े ऑपरेशन को लेकर भी वे संजीदा नहीं। उनकी दिशा सही नहीं है,पीठ पीछे वे गड़बड़ियां करते हैं। गृहमंत्री ने कहा छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के

### कर्रेगुट्टा में अभियान के समय हैदराबाद के बुद्धिजीवियों को शांतिवार्ता की याद आती है



**ये रहे उपस्थित:** प्रेसवार्ता में महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंग देवांगन, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, योगेंद्र पांडे, संग्राम सिंह राणा समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता सम्मलित थे।

खिलाफ लड़ाई जारी है। नक्सलियों के खिलाफ कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर सुरक्षा बल एक बड़ा अभियान छेड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि शक है कि राहुल गांधी "पीठ पीछे गड़बड़" कर रहे हैं। नक्सलवाद देश के सबसे बड़े संकटों में से एक है। इसमें भी राहुल गांधी की भूमिका संदिग्ध लगती है। मेरे पास इसके प्रमाण मौजूद हैं, जिनके आधार पर यह बात कह रहा हूं। एक सवाल पर छत्तीसगढ़ में शराब दुकानों की संख्या में वृद्धि किये जाने को लेकर कहा हमने कांग्रेस के जैसे झूठे कसम नहीं खायी है।

### बड़ी लापरवाही उजागर, जांच में सामने आई गंभीर चूक

# सरकारी दवाइयों की खुले में मिली खेप, 3 कर्मचारियों को किया सस्पेंड

## पुलिस जांच के आदेश

जिले के स्वास्थ्य विभाग की एक बड़ी लापरवाही उजागर हुई है, जहां बिना एक्सपायरी हुए सरकारी दवाइयों की एक बड़ी खेप खुले में फेंकी हुई मिली।यह घटना सामने आते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया था और स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर सवाल उठने लगे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से तीन स्वास्थ्यकर्मियों को निलंबित कर दिया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुंठपुर

खास खबर

कोरिया कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने जांच टीम गठित कर बैकुंठपुर स्थित नुरुल हुडा मैरिज गार्डन के पीछे फेंकी गई दवाओं की जांच की गई। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि फेंकी गई दवाइयों के बैच नंबर, निर्माण व समाप्ति तिथि तथा निर्माता कंपनियां, जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर के स्टोर व ओपीडी फार्मेसी में सप्लाई की गई दवाइयों से मेल खा रही हैं। जांच दल को संबंधित स्टोर व ओपीडी फार्मेसी में इन दवाइयों का स्टॉक शून्य मिला। साथ ही वितरण से संबंधित कोई वैध रजिस्टर या विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया। प्रशासन ने इस गंभीर मामले की आपराधिक जांच के लिए पुलिस अधीक्षक कोरिया को पत्र जारी कर एफआईआर दर्ज करने व विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं। नाले के पास फेंकी गई अन्य दवाइयों के स्त्रोत व संलिप्त व्यक्तियों की पहचान के लिए पुलिस जांच जारी है।

## कलेक्टर ने कहा- दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई



### इन पर हुई कार्रवाई

प्रथम दृष्टया लापरवाही के दोषी पाए जाने पर जिला अस्पताल बैकुंठपुर के तीन कर्मचारियों श्रीमती शोभा गुप्ता प्रभारी स्टोर कीपर, जितेन्द्र जायसवाल फार्मासिस्ट ग्रेड-02 तथा छत्रपाल सिंह फार्मासिस्ट को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है तथा इन पर छग सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।




### मामले में होगी पुलिसिया कार्रवाई

कलेक्टर ने मामले को गंभीर मानते हुए तीन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर पुलिस जांच के आदेश जारी किए हैं। साथ ही यह स्पष्ट किया है कि जो भी अधिकारी या कर्मचारी इस मामले में दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने इस घटना पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकारी दवाएं जनता की सेवा के लिए होती हैं न कि उन्हें इस तरह बर्बाद कर दिया जाए। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की लापरवाहियों को रोकने के लिए सख्त व्यवस्था बनाई जाए।






### आपत्तिजनक वीडियो हुआ वायरल

# कांकेर के डॉक्टर ने भिलाई में लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई/कांकेर

छावनी थाना अंतर्गत टाटा लाइन पावर हाउस में एक डॉक्टर ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक का नाम डॉ. बीके राठौर बताया गया है। डॉ. राठौर कांकेर जिले के चारामा ब्लॉक में



आयुर्वेद विभाग में पदस्थ थे। पिछले कुछ समय से अपनी भांजी के भिलाई टाटा लाइन स्थित निवास में रह रहे थे। दो दिन पहले भी उन्होंने आत्महत्या की कोशिश की। उनके पास से पुलिस को सुसाइड नोट मिला है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। छावनी पुलिस ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंचने के बाद शव को फंदे से उतार कर पीएम कराया गया। मृतक का एक अश्लील वीडियो पिछले कुछ दिनों से वायरल हो रहा था। इसके बाद से डॉक्टर तनाव में था। सुसाइड नोट में आत्महत्या का कारण स्पष्ट लिखा हुआ है। नोट में कांकेर जिले के चार-पांच लोगों का नाम उल्लेख है। उनके ब्लैकमेलिंग से परेशान होने की जानकारी भी लिखी है।

### दरवाजा तोड़कर किया प्रवेश

पुलिस ने बताया कि रविवार की सुबह जब काफी देर तक डॉ. राठौर ने कमरा नहीं खोला, तो परिजनों ने बाहर से उसे आवाज लगाई। दरवाजा को तोड़ने पर डॉ. राठौर का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सुसाइड नोट में लिखा है कि कांकेर की युवती के साथ आपत्तिजनक वीडियो वायरल कर दिया। मौत का जिम्मेदार स्वयं को होना बताया। सामाजिक बैठक भी हुई, जिसमें पांच लाख मांगा तो 3 लाख रुपए दिए।

**बैठक में शामिल लोगों से होगी पूछताछः** चारामा पुलिस से जानकारी ली है। सामाजिक बैठक में शामिल लोगों से पूछताछ के लिए कहा गया है। जांच में पूरा मामला स्पष्ट हो पाएगा।

-हरिश पाटिल
सीएसपी छावनी




# फीस में फर्क को लेकर उठाए सवाल

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक्ट्रेस हुमा कुरैशी अब तक 'महारानी' नाम की वेब सीरीज के तीन सीजन कर चुकी हैं, इसमें वह लीड रोल में नजर आती हैं। इस सीरीज में उनके काम को काफी सराहा गया। 'महारानी' सबसे ज्यादा देखी जाने वाली सीरीज में भी शामिल है। इतना सब होने के बावजूद भी हुमा कुरैशी को पुरुष कलाकारों के मुकाबले बहुत कम फीस मिलती है। इस अंतर पर वह सवाल उठाती हैं। हाल ही हुमा कुरैशी ने इंडिया टुडे से की गई बातचीत में बताया कि सीरीज 'महारानी' सबसे ज्यादा देखी जाने के बावजूद भी उन्हें पुरुष अभिनेताओं के मुकाबले कम फीस मिलती है। फिल्मों में तो ऐसा होता है, ओटीटी पर भी यही सीन है। वह बताती हैं कि ओटीटी पर काम करने वाले नामी एक्टर्स को लगभग 45 करोड़ रुपये फीस मिलती है लेकिन एक्ट्रेसेस को इतनी फीस नहीं मिलती है। इस फीस के अंतर पर हुमा सवाल करती हैं। हुमा कुरैशी आगे कहती हैं, 'यह सब ऐसा ही।' लेकिन, हुमा कुरैशी को उम्मीद है कि बातचीत करके, चर्चा करके इस स्थिति में बदलाव आएगा। हुमा कुरैशी की सीरीज 'महारानी' का चौथा सीजन भी जल्द आएगा, इसमें भी वह रानी भारती का रोल निभाएंगी।



# सुष्मिता के मिस यूनिवर्स बनने के पीछे था उनके पहले बॉयफ्रेंड का हाथ...

*नई दिल्ली। सुष्मिता सेन बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार फिल्में दी हैं सुष्मिता की खास बात ये है कि उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में हमेशा खुलकर बात की है। मिस यूनिवर्स बनने के बाद सुष्मिता एक शो में गई थीं। जहां पर उन्होंने सबसे अपने पहले बॉयफ्रेंड को मिलवाया था। सुष्मिता के मिस यूनिवर्स बनने के सफर में रजत उनके साथ खड़े रहे थे और मुंबई भी उनके साथ गए थे। सुष्मिता सेन ने खुद रजत के बारे में सभी को बताकर चौंका दिया था।*

## सुष्मिता के साथ रहे हमेशा

सुष्मिता का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वो कहती हैं- मां, पापा और ग्रैंडपा की परमिशन से मैं बताना चाहती हूं कि ये रजत हैं मेरे फर्स्ट बॉयफ्रेंड। जब मैं मिस इंडिया जीती और मुझे मिस यूनिवर्स के लिए ट्रेन करने के लिए मुंबई आना पड़ा तो बॉम्बे मेरे लिए एक बहुत ही फॉरन शहर था क्योंकि मैं दिल्ली में रही हूं। वहां फिर मैं रोने लग गई दिल्ली में कि मैं अकेले बॉम्बे नहीं जाऊंगी, मुझे नहीं जाना मिस यूनिवर्स।



ये उस समय बेनेटन के लिए काम कर रहे थे। रजत ने मम्मा से कहा ये तो मानेगी नहीं आंटी। सुष्मिता ने आगे कहा- इन्होंने ऑफिस में जाकर कह दिया कि या तो आप मुझे एक महीने की छुट्टी दे दो या फिर आपको जैसा सही लगे वैसा कर लो। इनको काम से निकाल दिया गया। रजत बहुत ज्यादा जिम्मेदार हैं। जिनके सपोर्ट के बिना मैं एक वो महीना बॉम्बे में नहीं गुजार पाती।

**फैंस ने किए कमेंट...**

एक फैन ने वीडियो पर कमेंट करके दोनों को लेकर सवाल किया। एक ने लिखा- फिर सुष्मिता ने उनसे शादी क्यों नहीं की। वहीं, दूसरे ने लिखा-हर कोई तुरंत सोचता है कि ये वही है जिसने उसे छोड़ दिया ,लेकिन यह दूसरी तरह से है, रजत ने उन्हें दूसरी महिला के लिए छोड़ दिया। क्योंकि, वो उसके शेड्यूल और ऑरा से मेल नहीं खा सकता था। वे आज भी सबसे अच्छे दोस्त हैं, रजत ने 2023 में जिस सर्बियाई महिला से उसने शादी की है, उसमें सुष्मिता भी मौजूद थी। 19 साल के लोग 47 साल के लोगों की तरह नहीं होते। हम सभी एक-दूसरे से आगे निकल जाते हैं।

# इस देश में बनी थी दुनिया की पहली फिल्म...



**नई दिल्ली।** राउंडहे गार्डन सीन यह दुनिया की सबसे पहली मोशन पिक्चर है, जिसे फ्रांसीसी आविष्कारक, निर्देशक और फोटोग्राफर लुइस ले प्रिंस ने बनाया था। यह एक बेहद छोटी फिल्म है, जो लीड्स (इंग्लैंड) में एक परिवार के साथ शूट की गई थी। इस फिल्म का रनटाइम 2.11 सेकंड है और इसमें इस इंग्लिश परिवार को गार्डन में चलते देखा जा रहा है। यह फिल्म 16 नवंबर 1888 में बनी थी। इस फिल्म को दुनिया की सबसे पुरानी और पहली फिल्म माना जाता है। यह पहली बार था, जब लोगों ने चलचित्र का अनुभव लिया था। यह एक मूक फिल्म थी।

***रहस्य बनकर रह गया डायरेक्टर :*** जब भी फिल्म के इतिहास के बारे में चर्चा होती है, तो कभी भी लुई ऐम ऑगस्टिन ले प्रिंस का नाम सुनने को नहीं मिलता है। क्योंकि, उनके निधन के दौरान हुई अजीबोगरीब घटनाएं और इससे पहले उनके लापता होने की खबरों ने उनके इस अचीवमेंट पर ध्यान नहीं जाने दिया और उनका यह आविष्कार एक रहस्य बनकर रह गया। हालांकि, वह फिल्म मेकिंग के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति है, जिनका जिक्र किया जाना बेहद जरूरी है, क्योंकि ले प्रिंस वह व्यक्ति थे, जिन्होंने फिल्म पर चलचित्रों की पहली रिकॉर्डिंग की थी।

# चिरंजीवी की फिल्म में नयनतारा की एंट्री

मुंबई। मेगा स्टार चिरंजीवी की फिल्मों का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार करते हैं। इन दिनों चिरंजीवी निर्देशक अनिल रविपुडी की फिल्म को लेकर चर्चाओं में हैं, जिसकी कास्टिंग पर काम चल रहा है। इस फिल्म को अभी 'मेगा157' के नाम से बुलाया जा रहा है। मेकर्स ने फिल्म की लीड एक्ट्रेस का चयन कर लिया है। ये लीड एक्ट्रेस कोई और नहीं, बल्कि साउथ की फीमेल सुपरस्टार कही जाने वाली अभिनेत्री नयनतारा हैं। नयनतारा के फिल्म में शामिल होने की घोषणा मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के



जरिए की। निर्देशक अनिल रविपुडी ने नयनतारा की फिल्म में एंट्री करने की घोषणा करते हुए एक प्रोमो एक्स पर साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'खूबसूरती की क्वीन नयनतारा का हमारे 'मेगा157' के सफर में स्वागत है। वह एक बार फिर हमारे मेगास्टार चिरंजीवी के साथ अपनी कला और खूबसूरती की शान लेकर आई हैं।' मेकर्स की इस पोस्ट को चिरंजीवी ने री-शेयर करते हुए लिखा, "हैट्रिक फिल्म के लिए स्वागत है नयनतारा।" दरअसल, चिरंजीवी के साथ ये नयनतारा की तीसरी फिल्म है।

# मंच पर जादू के करतब दिखाते नजर आए अमन

**नई दिल्ली।** पूर्व अभिनेता अमन वर्मा एक समय टीवी और सिनेमा की दुनिया में चर्चित एक्टर्स में शुमार थे। हाल ही में अभिनेता एक बार फिर से सुर्खियों में आ गए हैं, वजह है उनका नया वीडियो, जिसमें वह जादू करते दिख रहे हैं। इसे देख नेटिजंस कह रहे हैं कि ये किस लाइन में आ गए हैं। अभिनेता अमन वर्मा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में एक्टर मंच पर जादू के करतब दिखाते हुए नजर आ रहे हैं। शेयर किए गए वीडियो में अमन एक बोतल को



अखबार के पीछे कुछ जादू करके गायब कर देते हैं, जिसे देख वहां मौजूद सभी लोग उनकी सराहना करते हैं। इसके साथ ही अभिनेता ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'ठीक है, यहीं से मैंने जादूगर बनने के गुर सीखे। थोड़ा मुश्किल था लेकिन सफल रहा, यह सब हाथों की सफाई है। देवियों और सज्जनों, यहां जादूगर आ गया, जिसका नाम है अमन यतन वर्मा।' अभिनेता की ये वीडियो देखकर नेटिजंस तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक इंस्टाग्राम यूजर ने लिखा कि भाईसाहब आप ये किस लाइन में आ गए हैं।

# कैंपस डायरी से लेकर मिसमैच्ड तक कॉलेज लाइफ दिखातीं ये वेब सीरीज...



मुंबई। हाल ही में 12वीं का रिजल्ट आया है, अब कई बच्चे कॉलेज में एडमिशन लेंगे। कॉलेज लाइफ में जहां कैरियर बनाने का दबाव होगा, वहीं खूब मस्ती-मजाक और दोस्ती के रिश्ते भी बनेंगे। हम आपको ऐसी ही कुछ वेब सीरीज के बारे में बता रहे हैं, जिनमें कॉलेज की जिंदगी को, दोस्ती को दिखाया गया है। कॉलेज के दिनों की याद हमारे मन में हमेशा के लिए बसी रहती है, यहां बने दोस्त भी कई बार जिंदगी भर साथ रहते हैं।

**हॉस्टल डेज :** साल 2019 में रिलीज हुई एक वेब सीरीज 'हॉस्टल डेज' में चार दोस्तों की कहानी थी जो इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं और हॉस्टल में रहते हैं। कॉलेज की जिंदगी की चुनौतियों का सामना करने के अलावा ये लोग खूब एंज्वॉय भी करते हैं। इस सीरीज में निखिल विजय, शुभम गौर, अहसास चन्ना जैसे एक्टर्स नजर आए।

**कैंपस डायरीज :** कैंपस डायरीज (2022) में भी छह दोस्तों की जिंदगी में आने वाले उतार-चढ़ावों की कहानी दिखी। कॉलेज की जिंदगी उन्हें कैसे जिंदगी के सबक देती है, यही इस सीरीज की कहानी है। इस सीरीज में हर्ष बेनिवाल, सृष्टि रिंदानी जैसे एक्टर्स नजर आए।

**कॉलेज रोमांस :** कॉलेज रोमांस का पहला सीजन 2018 में आया था। इस सीरीज में भी तीन दोस्त कॉलेज में प्यार, दोस्ती के खूबसूरत पलों को जीते हैं। सीरीज में गगन अरोड़ा, अपूर्वा अरोड़ा जैसे एक्टर्स नजर आए। सीरीज के कई और सीजन भी आए, जिन्हें ऑडियंस ने पसंद किया।

**मिसमैच्ड :** सीरीज 'मिसमैच्ड' के भी तीन सीजन आ चुके हैं। पहला सीजन 2020 में रिलीज हुआ। इस सीरीज की कहानी प्राजक्ता कोहली के कैरेक्टर के ईर्द-गिर्द घूमती है। कॉलेज लाइफ, प्यार कैसे उसकी जिंदगी में बदलाव लाता है, यही सीरीज की स्टोरी लाइन है। इस सीरीज में कई और एक्टर्स भी दिखे, जिसमें रोहित सराफ, मुस्कान जाफरी शामिल हैं।

# 'मिशन इंपॉसिबल' की हुई शानदार शुरुआत...

**मुंबई।** हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल : द फाइनल रेकनिंग' ने भारतीय सिनेमाघरों में शानदार कमाई के साथ अपनी शुरुआत की है। भारत में पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की टॉप 10 लिस्ट में इसने जगह बना ली है। वहीं, 'फाइनल डेस्टिनेशन' के कलेक्शन में वीकएंड में बढ़त हुई। अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' भी धीमी रफ्तार के साथ आगे बढ़ रही है। टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल : द फाइनल रेकनिंग' ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर एक शानदार शुरुआत की है।



# 'ठग लाइफ' में कमल का जबरदस्त एक्शन

**मुंबई।** साउथ एक्टर कमल हासन की मच अवेटेड फिल्म 'ठग लाइफ' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। 2 मिनट के इस ट्रेलर में दिग्गज अभिनेता का दमदार एक्शन फैंस का ध्यान खींच रहा है। ट्रेलर में इमोशन्स, ड्रामा और धुंआधार एक्शन देखने को मिल रहा है। मणि रत्नम की फिल्म 'ठग लाइफ' के ट्रेलर में सबसे पहले कमल हासन को दिखाया जाता है। राजधानी दिल्ली के बैकग्राउंड में कहानी को दिखाया जा रहा है। ट्रेलर में सबसे पहले एक बच्चे से कमल हासन कहते हैं- 'जान तूने ही बचाई है मेरी, यमराज के चंगुल से बाहर निकाल लाया है मुझे।' इसके बाद वो बच्चे से कहते हैं कि अब से तू और मैं आखिरी तक एक साथ रहेंगे। इसके बाद दिखाया गया है कि वो बच्चा जिसका नाम अमर है, अब बड़ा हो चुका है।





epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, फिल्ड अधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर, वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक सिलतरा **रायपुर, सिटी ऑफिस, 434 चतुर्थतल प्रोगेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर छत्तीसगढ़** 7746000016, 7747000019, 7747000016, 7746000019.(RO-074)

**आवश्यकता है-** सुरक्षा गार्ड 50 ऊंचाई 5.5 इंच योग्यता 5वी से 12वीं वेतन 12000 से 19500 तक (ESIC, PF, Bonus और रहना फ्री) खाने की सुविधा दस्तावेज (आधार कार्ड, पेन कार्ड, 10वीं अंकसूची, बैंक पासबुक, 8 पासपोर्ट फोटो) **कार्यालय शॉप नं. 08 प्रथम तल, कमला सुपर बाजार, तेलघानी चौक, रायपुर छत्तीसगढ़ फोन** 0771-4036689 मों. 9770304037, 8120957510.(RO-7305)

**आवश्यकता है-** तत्काल भर्ती सुरक्षा गार्ड- 50, फिल्ड आफिसर 5 (कार चलाना जानता हो), कम्प्यूटर आपरेटर (पूर्ण अनुभवी) चाहिए वेतन 9500 से 20000 **पता- बालाजी प्लाजा हेमू नगर बिलासपुर छत्तीसगढ़** 8461881111, 8299144824. (RO-37731)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** बच्चा सँभालने हेतु 24 घंटे की बाई (लड़की)चाहिये। रहना एवं ख़ाना दिया जाएगा। स्थान तेलीबंधा , **रायपुर सम्पर्क करें:** 9575042814.(RO-6923)

### मशीन ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** अरवा राईस मिल ( कोढ़ा मिल ) चलाने हेतु ऑपरेटर की आवश्यकता है । **स्थान - उरला, रायपुर संपर्क -** 7987970711.(RO-RJ PUB)

क्लासीफाईड

### टीचर

**आवश्यकता है-** श्री कृष्णा हिन्दी/इंग्लिश स्कूल चण्डी अभनपुर में इंग्लिश टीचर एंव हिन्दी में भौतिकी, रसायन, बायोलाजी, अर्थशास्त्र एंव कम्प्युटर टीचर की आवश्यकता है। योग्यता- स्नातक/ स्नाकोत्तर /बीएड अंतिम आवेदन- 25/05/2025 **संपर्क सूत्र-** 9926125257, 9893534338. (RO-6902)

### सेल्समैन

**Wanted-** Sales Executive for Door-to-Door Sales Palini is hiring a smart, confident Sales Executive to sell *premium* hand-crafted products to *premium* clients. Door-to-door sales in Raipur and other cities.Attractive incentives on every sale.Contact:9669841111.(RO-6934)

### फील्ड कार्य

**आवश्यकता है-** प्रत्येक जिला के सभी क्षेत्रों मे महिला समूह में फील्ड कार्य करने के लिए लड़के - लड़कियों या महिला - पुरुष की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार । **सम्पर्क करे -** 6232483662.(RO-6933)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** कपड़े दुकान में कार्य करने हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। **पता सुमित बाजार लिंक रोड पावर हाउस भिलाई** 9229393942.(आरो नं.-746)

**आवश्यकता है-** कपड़े दुकान में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। **पता सुमित बाजार सुपेला घड़ी चौक भिलाई** 9229393941.(आरो नं.-747)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### चिकित्साकर्मी

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care For All..
WE ARE HIRING
RESIDENT DOCTORS - 10
Qualification: MBBS with CG Registration
SCRUB NURSE - 01
Qualification: B.Sc Nursing / GNM with CG Registration.
STAFF NURSE - 70
Qualification: B.Sc Nursing / GNM with CG Registration.
CORPORATE EXECUTIVE-02
Qualification: Any Graduate with DCA / PGDCA
PATIENT RELATIONSHIP EXECUTIVE (PRE) - 02
Qualification: Any Graduate (MBA in Hospital Administration Preferred)
SONOGRAPHY & PATHOLOGY REPORT TYPIST
Qualification: Any Graduate with DCA/PGDCA
CSSD TECHNICIAN - 2
Qualification: Diploma in CSSD
DIALYSIS TECHNICIAN - 02
Qualification: Diploma / B.Sc in Dialysis
X-RAY TECHNICIAN - 02
Qualification: Diploma / B.Sc in OT
ECHO, TMT, ECG-TECHNICIAN - 01
Qualification: Diploma / B.Sc. in ECG/ECHO/ TMT
WARD BOY - 10
WARD GIRL - 10
Qualification: 12th Pass
Freshers / Experienced can apply
07713510945
vacancyatsnh@gmail.com
Near Ganj Mandi, Sec.-5, Devendra Nagar, Pandri, Raipur (CG) 492001)

### ड्रायवर/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** चायपत्ती के फैक्ट्री में गाडी चलाने के लिये ड्राइवर एंव अनुभवी सेल्समैन कि आवश्यकता है। **संपर्क करें- जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM के सामने गली आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो .** 74699-80000, 0771-4075490 (RO-6919)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग ऑफिस कार्य के लिए लड़कियां एवं महिलाओं की आवश्यकता है. योग्यता 10वीं 12वीं पास इत्यादि. सैलरी + कमीशन + बोनस. लोकेशन- शंकर नगर रायपुर, छत्तीसगढ. मोबाइल नंबर- 8962482193.(RO-6466)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता, जो छत्तीसगढ़ के बाहर रहकर काम कर सके। योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन- 10000 (रहना फ्री) ट्रेनिंग बाद कमाए 20,000- 25,000/- **सम्पर्क :-** 8815522974.(RO-6921)

**आवश्यकता है-** सारागांव बिजली ऑफिस में स्मार्ट मीटर के लिए 10वीं 12वीं पास व आई.टी.आई. किए हुये लड़कों की आवश्यकता है। स्थान :- अडसेना, मोंहदी, गनियारी, मटीयाडीह, बंगोली कुर्रा, भनसुली तर्रा, टोर, बरबन्दा में लड़कों की आवश्यकता है। **सम्पर्क-** 8962157828, 7828997228. (RO-6932)

**आवश्यकता है-** JOB JOB JOB ऑफिस कार्य हेतु लड़के/लड़कियों आवश्यकता है वेतन 10000/-से15000/- **सम्पर्क :- संतोषी नगर चौक के आगे डूण्डा, दुर्गा मन्दिर के पास मों.-** 7879020825.(RO-6924)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है। सैलरी 5,000 से 20,000 कमाने का अवसर पता खम्हारडीह पुलिस स्टेशन के पास **न्यू सेल्स टैक्स कॉलोनी रायपुर संपर्क करें** 9343467254, 7470490884.(RO-6931)

**आवश्यकता है-** श्रीमारूति कोरियर ऑफिस में लड़कियों की एवं डाक-पार्सल बांटने लडके चाहिए। श्रीमारूति कोरियर, रिंगरोड-1, **कालीमाता मंदिर के आगे, कुशालपुर, रायपुर काल- वाटशप** 9399676408.(RO-90)

**आवश्यकता है-** इंदौर मे ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष के अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है। योग्यता 10 वी 12वी स्नातक पास सैलरी 10,000 रहना खाना फ्री ज्वाइनिंग के बाद कमाए 15,000 से 20,000 - 9575712101, 7024520550.(RO-345)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** पम्प एंव नल फिटिंग पाइप दुकान में काम करने हेतु आवश्यकता , सैलरी 10000-12000, हम्माल की सैलरी 15000, **बजाज एंटरप्राइजेज स्टेशन रोड रायपुर** 9644433085, 9425843865.(RO-502)

### कृषि कार्य

**आवश्यकता है-** पिरदा, रायपुर स्थित 4 एकड़ फार्म हाउस के लिए अनुभवी कृषक परिवार की आवश्यकता है जो फॉर्म में लगे फलों के पौधों का रखरखाव और सब्जी लगाने में जानकार हो साथ ही गार्डन साफ-सफाई करने में सक्षम हो, रहने की सुविधा उपलब्ध, **संपर्क :** 8435034111.(RO-92)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** घरेलू कार्य हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है आधार कार्ड एवं ड्राइविंग लाइसेंस के साथ संपर्क करें। वेतन योग्यतानुसार A-30, **आम्रपाली सोसायटी रायपुर संपर्क सूत्र-** 8818928932, 9424225624. (RO-6926)

### पैकिंग/हेल्पर कार्य

**आवश्यकता है-** बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है रूम, बिजली की सुविधा फ्री। **पता बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर** 7471176423.(RO-37748)

### फैक्ट्री कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर पीवीसी पाइप फैक्ट्री में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन 12000+ सप्ताहिक छुट्टी, रुम, पानी की सुविधा। **सम्पर्क करें- बंजारी मन्दिर के पास, रावाभाटा रायपुर** 7909900309, 6261616668.(RO-1486)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

### अन्य

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती भारतीय वनविभाग को कंपनी द्वारा जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या-725 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+62500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे **(धीरेंद्र कुमार)- 7392890179.** (RO-871)

**आवश्यकता है-** लिमिटेड कंपनी को जरूरी अनपढ़ से 12 वी पास लड़कों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सिक्योरिटी, डाटा एंट्री, सैलरी 18500/- से 45500/- ( रहना+खाना फ्री पक्की नौकरी) 08920930586.(RO-886)

## Education शिक्षण

**प्रवेश प्रारंभ -** *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करेः- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.Tech, (*अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा। **संपर्कः-** *Bharti Education Academy* *Sector-6 Bhilai* Mo.- 9826196515, 9826896515 (आरो न.-7179)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लॉट बेचना है -** मीनाक्षी नगर प्राइम location मे 3000 वर्गफिट डबल रोड का डाइवर्टेड प्लाट तुरंत घर बनाने योग्य Rs.1600/- वर्गफिट की दर से शीघ्र बेचना है। **संपर्क - मो.-** 90390-17682, 91319-17808.(आरो नं.-750)

**प्लॉट बेचना है -** आवासीय प्लाट 1500 स्क्वायर फीट के तीन 30x50 बोरीया कला फूट मार्केट के पीछे रायुपर रेट 650 **सम्पर्क करें:-** 9826583835, 9977004200.(RO-6911)

**बेचना है-** चंद्रखुरी कौशल्या माता मंदिर से 500 मीटर पहले दिशा कॉलेज के पास 5600 वर्गफीट आगे पीछे रोड 600/- प्रति वर्गफीट से (2) माना बनरसी में 21742 वर्गफीट प्लॉट फ्रंट 127 का (3) बैरन बाजार कुंदन पैलेस के पास ढेबर आर्केड के नीचे दो दुकान लगभग 600 वर्गफीट **संपर्कः-** 9009604000..(RO-7344)

**प्लॉट उपलब्ध है-** दुर्ग बायपास टोलप्लाज़ा, किआ शोरूम के पास रेसिडेंशियल व कमर्शियल सर्वसुविधायुक्त प्लाट – विकसित क्लोज़्ड कैंपस, CC रोड, नाली, मंदिर, स्ट्रीट लाइट, मैरिज हॉल सहित। तुरंत मकान बना सकते हैं। **संपर्कः-** 7247006610, 7247006609.(आरो न.-7182)

हरिभूमि क्लासीफाईड

## For Rent किराया

**किराये से देना है-** नेहरू नगर पूर्व मे 10x12 का कमरा किराये पर देना है, किराया 3000 रूपये प्रति माह। 24 घंटे बिजली,पानी की सुविधा। **संपर्क करे** 6265999532.(RO-5843)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापनदाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।





18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## जैकेट के शेष

### हेल्थ के लिए ....

से जुड़े अतिथियों ने सरकार की योजनाओं पर खुलकर चर्चा की। विशेषकर आयुष्मान योजना के अंतर्गत दी जा रही सुविधाओं और खामियों को सामने रखा। कार्यक्रम में अपनी पेशेगत कुशलता और सामाजिक सरोकार सहित उल्लेखनीय कामयाबी के लिए चिकित्सकों का सम्मान भी किया गया। दो चिकित्सकों डा. दीपशिखा और डा संदीप दवे को लाइफ टाइम एचिवमेंट अवार्ड दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महापौर मीनल चौबे, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव और श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन आईपी मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सभी अतिथियों ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति और भविष्य की दिशा पर अपने विचार साझा किए, जो स्वास्थ्य सेवाओं के विकास के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगे। अतिथियों ने हेल्थ कॉन्क्लेव की सराहना की। इस दौरान विभिन्न सत्रों में चिकित्सकों ने अपने विचार साझा किए।

**आयुष्मान से क्रांतिकारी बदलाव** : स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि एक समय था, जब छत्तीसगढ़ में गंभीर बीमारियों को छिपाया जाता था, क्योंकि इलाज के खर्च के डर से लोगों को अपने खेत-खलिहान तक बेचने पड़ जाते थे, लेकिन आयुष्मान योजना के आने से स्थिति पूरी तरह बदल गई है। इस योजना ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। कभी एकमात्र मेडिकल कॉलेज से शुरू हुआ यह सफर अब 10 मेडिकल कॉलेजों तक पहुंच चुका है। राज्यभर में इलाज सुलभ हुआ है और आम लोगों का भरोसा भी बढ़ा है। हरिभूमि-आईएनएच द्वारा आयोजित हेल्थ कॉन्क्लेव जैसे आयोजन इस परिवर्तन की कहानी को मंच देने का सराहनीय प्रयास है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में ....

है। कठिन समय में डाक्टरों की परीक्षा होती है। कोरोना काल के समय यहां के डाक्टरों ने पूरी शक्तई लगाई। उन्होंने बताया कि अन दिनों ग्राम चिकित्सा बेव सीरिज चल रही है। स्वास्थ्य मंत्री को इसे देखना चाहिए। इसमें बताया गया है कि ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सक काम करना चाहता, लेकिन क्या परेशानी आती है। दोनों पक्षों को हल्के मूड में इसमें दिखाया गया है। छत्तीसगढ़ में सरकार अच्छा काम कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने हो रहे काम और सुधार के बारे में बताया।

### सस्ता और गुणवत्तापूर्ण ....

कम संख्या में होते थे और लोगों की जिंदगी बचाते थे, लेकिन जैसे-जैसे डॉक्टर और अस्पताल हर गली-मोहल्ले में दिखने लगे, इलाज की 'कीमत' और 'विश्वास' दोनों पर असर पड़ा। आज के समय में लोगों को सस्ता, समय पर और गुणवत्तापूर्ण इलाज मिलना चाहिए और इसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी सरकार की है। राज्य सरकार इसी दिशा में लगातार काम कर रही है। जिस दिन सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं इतनी मजबूत हो जाएंगी कि आम लोग निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर न हों, उसी दिन निजी संस्थानों को भी अपने इलाज के खर्च को घटाना पड़ेगा। यही स्वस्थ समाज की ओर एक बड़ा कदम होगा।

### स्वास्थ्य सेवा हमेशा ....

के क्षेत्र में रही है। कोरोनाकाल की यादें साझा करते हुए उन्होंने कहा कि शुरुआत में डॉक्टर भी अनिश्चित थे, उन्हें भी इस बीमारी की ज्यादा जानकारी नहीं थी। ऐसे समय में डॉक्टरों के सहयोग से हमने लोगों की जान बचाने में सफलता पाई। यह दौर चुनौतियों से भरा था, लेकिन हमने मिलकर सामना किया।

### जायसवाल बोले- प्राइवेट ....

आयुष्मान योजना का पिछला बकाया 1200 करोड़ था, उसे पूरा किया गया। सवाल-कई अस्पतालों पर आयुष्मान योजना को लेकर कार्रवाई भी की गई, इस पर क्या कहेंगे। जवाब-योजना के तहत मीडिया के माध्यम से कई मामलों की जानकारी आती है, उसके तहत 28 अस्पतालों पर कार्रवाई की गई। 126 अस्पतालों को नोटिस दिया गया। आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत फर्जी दावों पर सख्त कार्रवाई करते हुए रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर के 28 अस्पतालों का निरीक्षण किया। जांच के बाद 15 अस्पतालों का पंजीयन एक वर्ष के लिए निरस्त कर दिया गया, जबकि 4 अस्पतालों को 6 माह के लिए, 4 को 3 माह के लिए निलंबित किया गया और 5 अस्पतालों को चेतावनी दी गई है। सरकार का इस तरह अंकुश लगाना जरूरी है। जो गड़बड़ी सामने आ रही है उसे ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है।

सवाल- पैकेज रिवाइज करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री क्या प्रयास कर रहे हैं।

जवाब- आयुष्मान योजना में कुछ पैकेज केंद्र और राज्य पर भी निर्भर करता है। छत्तीसगढ़ राज्य का पैकेज आस-पास के 6-7 राज्यों से 10 प्रतिशत में कम है, तो 90 प्रतिशत पैकेज बेहतर हैं। भारत सरकार का बजट 2500 करोड़ रुपए का है। छत्तीसगढ़ में 77.20 लाख परिवार इस योजना से लाभांवित हैं। आयुष्मान के माध्यम से सरकारी अस्पतालों की स्थिति में सुधार हुआ है। प्राइवेट अस्पतालों में भी इससे स्थिति सुधरी है। इसके माध्यम से डाक्टरों को इसके इलाज का 40 प्रतिशत मिलता है। सरकारी अस्पतलों में डॉक्टर इसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने के लिए तत्पर रहते हैं।

सवाल- बॉयपास ऑपरेशन सहित कई अन्य मामलों में अस्पतालों में सुविधा को लेकर सवाल उठते हैं, क्या कहना है आपका?

जवाब- सेंट्रल इंडिया में हार्ट के इलाज के लिए सबसे अच्छी सुविधा यहां पर है। हमारे मरीजों की संख्या पिछले डेढ़ सालों में बढ़ी है। मेकाहारा अस्पताल में 700 बेड की सुविधा देने टेंडर किया गया है, इसके बनने से बेड की संख्या 2000 के करीब पहुंचेगी।

सवाल- औद्योगिक नीति में हेल्थ सेक्टर के लिए क्या प्रावधान किए गए हैं।

जवाब- हेल्थ सेक्टर में 50 बेड के उपर के अस्पताल बस्तर और सरगुजा क्षेत्र में खोले जाने पर 55 प्रतिशत तक की सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। अन्य जिलों में 50 बेड से उपर के अस्पताल खोले जाने पर 35 प्रतिशत तक सब्सिडी देने का प्रावधान है। साथ ही ब्याज अनुदान और कैपिटल सब्सिडी का भी प्रावधान है। यह 7 साल तक आसान किश्तों में दिए जाएंगे।

सवाल- स्वास्थ्य विभाग में बहुत सारी मशीनें खरीदी गई हैं, उनका उपयोग हो पा रहा है कि नहीं।

जवाब- पिछली सरकार के समय कई मशीने खरीदी गईं। जिन उपकरणों की आवश्यकता नहीं थी, उसकी भी खरीदी कर ली गई। हमारी सरकार बनने के बाद कोई मशीन नहीं खरीदी गई। एमआरआई मशीन सहित कई बंद पड़ी मशीनों को टेली रिपोर्टिंग के जरिए संचालन करने का प्रयास कर रहे हैं। सरकार ने यह तय किया है की पीपीपी मोड़ में इसका संचालन किया जाएगा ताकि वित्तीय खर्च कम किया जा सके।

**पब्लिक की सुनी, डॉक्टरों की समस्या भी समझी** : स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कार्यक्रम के दौरान दो घंटे तक डॉक्टरों की बातें सुनी और उनकी समस्याओं को समझा। उनसे कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भी सवाल पूछे, जिनका उन्होंने बेलाग जवाब दिया। कुछ सवाल इस तरह रहे-

1- कार्यक्रम में मौजूद उत्कल यादव ने मेडिकल बांड से जुड़ी अपनी समस्या सामने रखी। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से पूछा कि बांड और बैंक गारंटी पीजी कोर्स के लिए मांगी जा रही, जिसके कारण मेरी पुत्री का प्रवेश नहीं हो पा रहा है।

जवाब- यह नियम पहले से है। बांड का नियम आया तब 500 से अधिक डॉक्टरों ने बांड भरा , लेकिन आधे से अधिक नहीं आए। आने वाले पांच सालों में इसकी जरूरत नहीं रहेगी। बिना बांड और बैंक गारंटी के पीजी में प्रवेश मिलेगा। गरीब लोगों के लिए रास्ता निकाल रहे हैं।

2- डॉक्टर भरत सिंघानिया ने फर्जी डिग्री के माध्यम से इलाज करने वाले डॉक्टरों का मसला उठाया।

जवाब- फर्जी डिग्री के माध्यम से अस्पताल संचालित करने वालों पर भी कार्रवाई करेंगे।

3- डॉ. कुलदीप सोलंकी ने मेडिकल स्टूडेंट की रैंकिंग में राज्य के पीछे होने, सुपर स्पेश्यलिटी डॉक्टर, बैंक गारंटी या लीज जमा करने और हास्टल सुविधा को लेकर सवाल किए।

जवाब- छत्तीसगढ़ को जल्द ही तीन डीएम कोर्स की अनुमति मिलेगी। हास्टल की सुविधा बढ़ाई जा रही है। प्लिंथ लेबल का काम हो गया है। डेढ़ साल में भवन बनकर तैयार हो जाएगा।

4- स्वास्थ्य विभाग में आप क्या करना चाहते हैं।

जवाब- आने वाले साढ़े तीन साल में छत्तीसगढ़ से कोई मरीज राज्य से बाहर इलाज करने ना जाए, ऐसी सुविधा यहां के निजी और सरकारी अस्पतालों में देने के प्रयास होंगे। मेरी इच्छा है कि जनता सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने पहुंचे, इन अस्पतालों का विश्वास बढ़ाने का काम करने का प्रयास करूंगा।

### 25 साल बाद जगरगुंडा ....

विष्णुदेव साय ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास से सुकमा के जगरगुंडा में इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा का वर्चुअल शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने शुभारंभ कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन इस क्षेत्र के लोगों के लिए ऐतिहासिक है। लंबे समय से यह क्षेत्र नक्सलवाद से जूझ रहा था। पिछले डेढ़ वर्षों में हमारी डबल इंजन की सरकार में हम बस्तर क्षेत्र में शांति स्थापित करने में कामयाब हुए हैं। यही कारण है कि आज यहां बैंक की नई शाखा खुली है। लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रहा है। उन्होंने इसका पूरा श्रेय वित्त मंत्री ओपी चौधरी को देते हुए कहा कि हमारे वित्त मंत्री के प्रयास से ही इस क्षेत्र के लोगों को इतनी बड़ी सौगात मिल पाई है। उल्लेखनीय है कि बैंक के साथ ही एटीएम की सुविधा भी ग्रामीणों के लिए उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने इंडियन ओवरसीज बैंक के रीजनल मैनेजर का विशेष आभार मानते हुए उनकी खुले दिल से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इंडियन ओवरसीज बैंक के अधिकारियों ने जगरगुंडा में अपना शाखा खोलने का जो साहस दिखाया है उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, कम है। उन्होंने उद्घाटन मंच से इंडियन ओवरसीज बैंक को पूरे प्रदेश के विभिन्न शाखाओं में 100 करोड़ राशि सरकार की ओर से जमा कराने की घोषणा की।

### 500 किमी की ....

रहा था उसी दौरान माओवादियों ने यहां संचालित ग्रामीण बैंक को लूट लिया था। तब से आज तक इस क्षेत्र के 12 गांवों के निवासी बैंक सुविधा के लिए तरस रहे थे। आज उसी भवन मे इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा खुल रही है। यहां से ग्रामीणों को तेंदूपत्ता बोनस, किसान सम्मान निधि जैसी अनेक योजनाओं की राशि गांव में ही मिलेगी। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने बैंक परिसर में कैश काउंटर और शाखा प्रबंधक कार्यालय का निरीक्षण करते हुए बैंक में पहला खाता खुलवाया।

# कहीं धूप तो कहीं अंधड़-बारिश का कहर, कई राज्यों में लू का अलर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के उत्तर-पश्चिम इलाकों में तापमान 45 डिग्री तक पहुंचने से लू और भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। कुछ जगह अंधड़-बारिश से राहत मिली हुई है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, आज दिल्ली एनसीआर, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ समेत पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों में बारिश होने के आसार हैं। झारखंड में रांची समेत अलग-अलग जिलों में शनिवार को आंधी-बारिश के दौरान बिजली गिरने से 9 लोगों की मौत हो गई।



**कहां तक पहुंचा मानसून?** : मौसम विभाग की मानें तो दक्षिण-पश्चिम मानसून दक्षिणी अरब सागर, मालदीव, दक्षिणी और पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी, अंडमान द्वीप समूह और अंडमान सागर की ओर आगे बढ़ गया है। अगले 3-4 दिनों के दौरान इन क्षेत्रों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। इससे पहले आईएमडी ने मानसून पिछले सालों की तुलना में 4 दिन पहले 27 मई को केरल पहुंचने का अनुमान जताया था। इसके बाद यह देश के अन्य हिस्सों में फैलेगा।

### इन राज्यों में लू का अलर्ट

राजस्थान, बिहार, झारखंड और मध्य प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में लू चलने के साथ अंधड़ आने का संकेत है, जबकि पूर्वी हिस्सों में अंधड़ और हल्की बारिश हो सकती है। बिहार, झारखंड और मध्य प्रदेश में कुछ जगह गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। उत्तर प्रदेश में पश्चिमी इलाकों में आज मौसम साफ रहेगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश के साथ बिजली चमकने और 40-50 किमी/घंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है।

### इन राज्यों में होगी भारी बारिश

मेघालय, अरुणाचल, असम, सिक्किम और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में भारी बारिश जारी हो रही है। इसके साथ ही केरल, तमिलनाडु, दक्षिण और उत्तर आंतरिक कर्नाटक में भी मेघ मेहरबान बने हुए हैं। आज आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के कुछ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। पूर्वोत्तर, मध्य और दक्षिण भारत के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने का सिलसिला बना रहेगा। कुछ इलाकों में बिजली गिरने और झोंकेदार हवा चलने की भी संभावना है।

### दिल्ली में अगले 5 दिन अंधड़-बारिश के आसार

दिल्ली और आस-पास के शहरों में आज सुबह से मौसम साफ है और तेज हवाएं चल रही हैं। इसके साथ ही हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 42 और न्यूनतम 24 डिग्री रहने का अनुमान है। राजधानी में अगले 5 दिन आंधी-बारिश का मौसम रहेगा। मुंबई में शनिवार को कई इलाकों में मानसून पूर्व की बारिश हुई। आज बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश होने के आसार हैं, जिससे गर्मी और उमस बढ़ेगी।

### कवर्धा के आदर्श नगर में धर्म विशेष की प्रार्थना सभा में भारी हंगामा

# वनांचल से लेकर कवर्धा तक में चल रहा धर्मांतरण का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

लगातार की शिकवा शिकायतों के बाद भी धर्मांतरण के मुद्दे पर मूक दर्शक बने बैठे शासन-प्रशासन की ढुलमुल कार्यप्रणाली के चलते जिले के वनांचलों से लेकर जिला मुख्यालय कवर्धा तक खुलेआम धर्मांतरण का खेल चल रहा है। जिसे लेकर जिला मुख्यालय कवर्धा के आदर्श नगर में रविवार को भारी हंगामा, वाद विवाद तथा झूमा झटकी की स्थिति देखने को मिली।

हालांकि घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया और मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर अब पूछताछ व जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को जिला मुख्यालय कवर्धा के आदर्श नगर में उस समय हंमागा खड़ा हो गया जब यहां के एक मकान में धर्म विशेष की प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा था। आरोप है कि ग्राम तारो में संचालित एक निजी स्कूल के संचालक और उसके परिजनो द्वारा आदर्श नगर कवर्धा के एक मकान में धर्म सभा के नाम पर बाहर से आए बैगा आदिवासियों का धर्मांतरण कराया जा रहा था। जिसकी भनक लगते ही बड़ी संख्या में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ता, पदाधिकारी तथा मोहल्लेवासी मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों के बीच जमकर वाद विवाद तथा झूमा झटकी शुरू हो गई। बाद में घटना की जानकारी कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए सूचना पाकर बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और दोनो पक्षों को समझाईश दी गई। वहीं विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल तथा मोहल्लेवासियों की शिकायत पर पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है और अब इनसे पूछताछ तथा मामले की जांच की जा रही है।



### हिन्दू संगठनो ने दर्ज कराई लिखित शिकायत

हिंदू संगठन के पदाधिकारियों ने निजी स्कूल के संचालक जॉन थॉमस के खिलाफ लिखित शिकायत की है कि कवर्धा के आदर्श नगर के एक मकान में जॉन थॉमस द्वारा आसपास के परेशान, बीमार, गरीब लोगों को इलाज या लालच देकर बुलाया जाता है और नगर के बीच आदर्श नगर स्थित मकान में झाड़-फूंक किया जाता है। झाड़-फूंक के दौरान तरह-तरह की डरावनी आवाज निकाली जाती है। आसपास रहने वाले लोग इससे डरे हुए हैं। बच्चे घर से निकलने से कतराते हैं। इतना ही नही धर्मसभा में आए लोगों को धर्म विशेष की पुस्तकों को बढ़ाया जाता है और धर्म विशेष की आराधना कराकर उनका गलत ढंग से धर्मांतरण कराया जाता है।

# कोझिकोड के मुख्य कपड़ा बाजार में लगी भीषण आग

**कोझिकोड।** केरल के कोझिकोड में सिटी बस स्टैंड के निकट एक 'शॉपिंग कॉम्पलेक्स' में रविवार को शाम करीब पांच बजे भीषण आग लग गई। दमकल एवं बचाव अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दमकल की कई गाड़ियों के मौके पर होने के बावजूद आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। टीवी चैनलों पर आग लगने की घटना के दृश्य दिखाए गए, जिसमें शॉपिंग कॉम्पलेक्स की पहली मंजिल से घना धुआं निकलता हुआ दिखाई दिया। इस कॉम्पलेक्स में कपड़े की कई दुकानें हैं और आग अंदर बहुत तेजी से जल रही है। अधिकारियों ने बताया कि दमकल की कई गाड़ियों को आग पर काबू पाने की कोशिश करते देखा जा सकता है। करीपुर हवाई अड्डे से भी कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। घटनास्थल पर मौजूद पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि फिलहाल मुख्य प्राथमिकता आग पर काबू पाना है। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि अब तक आग में किसी व्यक्ति के घायल होने की कोई जानकारी नहीं है।

## पेज एक के शेष

### घर में लगी...

है। पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल कर्मियों को आग लगने की सूचना दी गई। आग पर काबू पाने के बाद बुजुर्ग शिव प्रसाद को बाहर निकाला गया, वह पूरी तरह झुलस चुका था। मकान में आग लगने का स्पष्ट कारण नहीं पता चल पाया है।

**पैरालिसिस से ग्रस्त था मृतक** : आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी। मृतक शिव प्रसाद पैरालिसिस से ग्रस्त था। संभावना जताई जा रही है आग लगने पर मृतक कमरे से बाहर नहीं निकल पाया। मृतक अपनी पत्नी के साथ रहता था। उनके 2 बेटे हैं, जो अपने परिवार के साथ भिलाई में निवास करते हैं। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

### कालेजों में पढ़ाई के...

इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। पहले चरण में राज्य के नौ कॉलेजों का चयन किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार राज्य के उद्योग अकादमी सहयोग प्रकोष्ठ द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों के कौशल विकास तथा उन्हें उद्योग कुशल बनाने के लिए पिंक एप्रेन्टिसशिप तथा इंटर्नशिप प्रोग्राम लांच किया गया है। नए शिक्षा सत्र में राज्य के नौ कालेजो के विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ कौशल विकास का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रकोष्ठ ने इन कालेजो के प्राचार्यो को पत्र लिखकर उद्योगों और प्रशिक्षण संस्थानों की मैपिंग का काम पूरा करने के निर्देश दिए है। यह भी कहा गया है कि कालेज से 25 किलोमीटर की अवधि में ही उद्योगों, एनजीओ तथा प्रशिक्षण संस्थानों का चयन किया जाए।

**पीईपी के तहत मिलेगा प्रशिक्षण** : पढ़ाई के साथ साथ विद्यार्थियों को पीआईपी के तहत स्वास्थ्य कल्याण सेवा एवं मेडिकल सेवाएं, शिक्षा एवं प्रशिक्षण, आईटी एवं डिजिटल सेवाएं, बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं, सरकारी एवं सार्वजनिक प्रशासन संस्थान, मीडिया एवं कम्युनिकेशन, होटल मैनेजमेंट एवं पर्यटन उद्योग, फैशन एवं कपड़ा उद्योग, सोशल वर्क एवं एनजीओ, हस्तकला एवं शिल्प उद्योग, ग्रामोद्योग, कुटीर उद्योग, सौंदर्य कला एवं प्रसाधन उपचार आधारित उद्योग के साथ साथ महाविद्यालय के निकट संचालित उद्योग में ट्रेनिंग दी जाएगी।

### इन कॉलेज का...

महाविद्यालय अंबिकापुर, शासकीय दाउ कल्याण कला एवं वाणिज्य कालेज बलौदाबाजार, बाबू छोटे लाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर कालेज धमतरी तथा आचार्य पंथ श्री ग्रंथ मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर कालेज कवर्धा का चयन किया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले...

कानूनी रणनीति तैयार करने की वकालत की। उन्होंने पश्चिम बंगाल के अलावा, स्टालिन ने कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, केरल, झारखंड, पंजाब और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है।

### दो दशक बाद पहली...

एरिया में भी पानी नहीं है। यदि समय पर मानसून नहीं आया है और पर्याप्त वर्षा नहीं हुई तो इस वर्ष लोगों को बारिश और ठंड में भी जल संकट का सामना करना पडेगा। नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी का सबसे बडा जलाशय मोंगरा बैराज इस वर्ष की गर्मी में मई महीने में ही पूरी तरह सूख चुका है। छग की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ में बनी मोंगरा बैराज में पानी ही नहीं बचा है। जिससे इस बार गर्मी में नगर व क्षेत्रवासियों को भीषण पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। मोंगरा बैराज का निर्माण छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के साथ ही शुरू हुआ था। कांग्रेस के जोगी सरकार ने इस बराज निर्माण के लिए मंजूरी दी थी। तीन वर्ष तक चले निरंतर निर्माण कार्य के बाद यह बैराज वर्ष 2005 में अस्तित्व में आया था। बैराज का लोकार्पण छग के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा किया गया था। मोंगरा बैराज तथा आस पास गांव के निवासियों ने बताया की दो दशक में पहली बार यह अवसर आया है की मोंगरा बैराज इस बार गर्मी के मई महीने में सूख गया है।

**आर्सेनिक प्रभावित 28 गांवों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित** : छग की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ के पहले बडे स्टॉपेज अंबागढ़ चौकी में सूमह जल संयंत्र योजना के माध्यम से अंबागढ़ चौकी के 23 आर्सेनिक प्रभावित 28 गांवों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति होती होती है। आर्सेनिक प्रभावित इन गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए मोंगरा बैराज से ही वर्ष भर पानी मिलता है।

# गाजा में रातभर इजरायल ने गिराई मिसाइलें, 100 से ज्यादा की मौत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गाजा में इजरायली हवाई हमलों में शनिवार की रात से रविवार तक कम से कम 103 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि कई हमलों में न सिर्फ आम नागरिकों की मौत हुई, बल्कि अस्पतालों को भी भारी नुकसान हुआ है, जहां पहले से ही स्ट्राइक की मार झेल रहे लोगों का इलाज चल रहा है। गाजा के दक्षिणी शहर खान यूनिस में हुए हवाई हमलों में 48 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई, जिनमें 18 बच्चे और 13 महिलाएं शामिल हैं। नासिर अस्पताल के मुताबिक, कई हमलों ने विस्थापित लोगों के लिए बनाए गए रिफ्यूजी कैम्प्स को भी निशाना बनाया गया। नॉर्थ गाजा के जबालिया रिफ्यूजी कैम्प में हुए हमलों में एक ही परिवार के 9 सदस्यों की मौत हुई, जबकि एक अन्य हमले में 10 लोग मारे गए जिनमें 7 बच्चे और एक महिला शामिल हैं। एसोसिएटेड प्रेस के मुताबिक, यह जानकारी गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय और स्थानीय सिविल डिफेंस ने दी है।

**न्यायालय तहसीलदार भखारा जिला धमतरी छ.ग.**
**// उपस्थिति सूचना //**

क्रमांक/ /तह./2025 भखारा दिनांक 15/5/2025

न्यायालयीन राजस्व प्रकरण क्रमांक 202412132300021/अ-6 वर्ष 2024-25 पक्षकार राम्हीन बाई पिता गोकुल जाति मरार अन्य 4 सभी निवासी डाही पटवारी हल्का नं. 27 तहसील भखारा द्वारा ग्राम डाही स्थित भूमि खसरा नं. 89/9, 643/9 रकबा क्रमशः 0.210, 0.010 हे. भूमिस्वामी जानबती पति गोकुल जाति मरार के नाम पर दर्ज है। भूमि स्वामी अपने जीवन काल में अपने नाम पर दर्ज भूमि का दिनांक 14/7/2021 को आवेदिकागण समारी बाई, राम्हीन बाई, कलाबाई, राधाबाई एवं ललत बाई पिता गोकुल जाति मरार के नाम पर दर्ज अंतिम इच्छा पत्र (वसीयतनामा) निष्पादित किया है। भूमि स्वामी जानबती की मृत्यु दिनांक 22/11/2021 को हो चुकी है। वसीयतनामा/अंतिम इच्छापत्र के आधार पर ग्राम डाही स्थित वाद भूमि का नामांतरण किये जाने आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण अवलोकन करने पर भूमि स्वामी जानबती के विधिक वारिसान होना पाया गया। आवेदिकागण के अधिवक्ता द्वारा विधिक वारिसानों का सही पता प्रस्तुत नहीं किया गया है। प्रकरण में विधिक वारिसानों को सुना जाना आवश्यक है। प्रकरण विधिक वारिसानों की उपस्थिति हेतु नियत है। विधिक वारिसान पुत्रगण फगुवाराम पटेल, मोहन पटेल व संतलाल पटेल हैं। मोहन पटेल एवं संतराम की मृत्यु होना बताया है। मोहन पटेल के वारिसान पवन पटेल, दुर्गा पटेल, ज्योति पटेल हैं। संतराम के वारिसान डाली पटेल, दुर्गेश पटेल व हेमा पटेल हैं। प्रकरण मृतक वारिसानों की उपस्थिति हेतु नियत है। जिसकी आगामी सुनवाई तिथि 22/5/2025 नियत है।

अतः एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित उपस्थिति सूचना पत्र के आधार पर नियत तिथि को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित कर अपना पक्ष रखे। नियत तिथि तक उपस्थित नहीं होने पर प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए आगे की कार्यवाही की जावेगी।

तहसीलदार
भखारा

**आम सूचना**
**(सोसल मिडिया में) का खण्डन**

श्री ईश्वर दुबे निवासी- चन्द्रा कम्प्यूटर के पीछे वार्ड नं. 1 डोंगरगांव जिला- राजनांदगांव द्वारा एक आम सूचना सोसल मिडिया में अबादी भूमि खसरा नं. 368/2, प्लाट नं. 103 फौहारा चौक, डोंगरगांव जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में निर्मित दुकान में से 85 वर्ग मीटर के दुकान को पारिवारिक बटवारा में प्राप्त होने का कथन करते हुये प्रकाशित किया है। उक्त आम सूचना पूर्ण असत्य है, केवल श्रीमती प्रतिभा दुबे के स्वामीत्व एवं कब्जे को आघात पहुँचाने के आशय से दुर्भावना पूर्वक आम सूचना श्री ईश्वर दुबे द्वारा प्रकाशित किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिस भू-भाग को श्री ईश्वर दुबे द्वारा अपने हिस्से से होने का कथन कर रहा है, वह भूमि पूर्व में ही ईश्वर दुबे द्वारा श्रीमती प्रतिभा दुबे को पारिवारिक व्यवस्था के आधिन उचित प्रतिफल प्राप्त कर अंतरित कर दिया है और उक्त भूमि का कब्जा श्रीमती प्रतिभा दुबे का होने के अधार पर तत्कालीन शासन द्वारा पट्टे पर श्रीमती प्रतिभा दुबे को प्रदान किया गया है। इस तरह उक्त प्लाट पर श्रीमती प्रतिभा दुबे का वैद्य स्वत्व की प्राप्ति हो गई है।


इस तरह उक्त दुकान पर ईश्वर दुबे का कोई हक एवं अधिकार नहीं है। उक्त स्थल पर श्रीमती प्रतिभा दुबे का आधिपत्य उसके परिवार सहित चला आ रहा है और अपने व्यय से दुकान का निर्माण किया है जो की प्रतिभा दुबे के कब्जे में है। जानबुझकर असत्य प्रकाशन कराया गया है। उक्त आम सूचना से श्री ईश्वर दुबे को कोई हक एवं अधिकार की प्राप्ति नहीं होती। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत के अभिलेखों में श्रीमती प्रतिभा दुबे का नाम दर्ज है और उक्त दुकान वार्ड नं. 10 प्लाट नं. 103 एवं 108 खसरा नम्बर 368/2 डोंगरगांव में स्थित है।

अतः यह श्री ईश्वर दुबे द्वारा प्रकाशित आम सूचना (सोसल मिडिया) का खण्डन किया जा रहा है। उसके द्वारा प्रकाशित आम सूचना न केवल मिथ्या है, बल्कि श्रीमती प्रतिभा दुबे के हक को प्रभावित करने वाला है, जो कि मानहानिकारक है।

सूचना जाने।

भवदीय
**श्रीमती प्रतिभा दुबे** पति-श्री जितेन्द्र कुमार दुबे
निवासी-डोंगरगांव जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)
मो.नं.- 9425567739

## राशिफल



**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।


**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।


**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।


**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।


**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।


**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।



**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।


**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।


**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5871



**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

**शब्द पहेली- 5870 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | ल | म | ल | ■ | ■ | र | ह | न | ■ |
| चा | य | ■ | हा | ■ | जा | सू | स | ■ | शा | म |
| दु | ■ | ■ | रा | श | न | ■ | म | ■ | ■ | न |
| का | र | गु | जा | री | ■ | का | ■ | दु | का | न |
| र | ■ | ना | ■ | फ | न | का | र | ■ | फि | ■ |
| ■ | चा | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | भ | ला | ■ |
| ■ | ह | ■ | अ | च | क | न | ■ | वं | ■ | अ |
| क | त | रा | ■ | र्म | ■ | क | म | र | बं | द |
| म | ■ | ■ | ब | ■ | ला | ल | च | ■ | ■ | र |
| र | न | ■ | ल | की | र | ■ | ल | ■ | आ | क |
| ■ | म | ज | मा | ■ | ■ | अ | ना | या | स | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5881

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5880 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## खबर संक्षेप

### रिजर्व बैंक ने डॉयचे, यस बैंक पर जुर्माना लगाया



**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने कहा कि उसने कुछ नियामक मानदंडों का पालन न करने के लिए डॉयचे बैंक एजी, इंडिया और यस बैंक पर जुर्माना लगाया है। डॉयचे बैंक एजी, इंडिया पर बैंकों में बड़े कर्ज को लेकर केंद्रीय रिपॉजिटरी बनाने से जुड़े कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने की तैयारी में एचएमआईएल



**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) घरेलू बाजार में अपना दूसरा स्थान फिर से हासिल करने के लिए नए उत्पादों की पेशकश, ग्रामीण बाजार, संस्थागत बिक्री और पूर्व स्वामित्व वाली कार खंडों में बिक्री बढ़ाने पर जोर दे रही है। कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग ने यह बात कही।

### बीते सप्ताह सरसों, मूंगफली तेल-तिलहन में आया सुधार



**नई दिल्ली।** मंडियों में कम आवक और मांग बढ़ने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजार में सरसों तेल-तिलहन, हल्की मांग के बीच पहले से ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से काफी नीचे दाम पर बिक रहे मूंगफली तेल-तिलहन और नगण्य उपलब्धता के बीच हल्की मांग के कारण बिनौला तेल कीमतों में सुधार दर्ज हुआ।

# टाटा मोटर्स की इलेक्ट्रिक वाहन पर बड़ा दांव लगाने की तैयारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा मोटर्स का लक्ष्य घरेलू यात्री वाहन बाजार में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) को मुख्यधारा में लाने का है। अपनी इस योजना के तहत कंपनी ईवी श्रृंखला को मजबूत करने और साथ ही मौजूदा मॉडल के लिए मूल्य को बढ़ाने का प्रयास कर रही है।

- टाटा मौजूदा मॉडल के लिए मूल्य को बढ़ाने का प्रयास कर रही

मुंबई की यह प्रमुख वाहन कंपनी चालू वित्त वर्ष में हैरियर.ईवी और उसके बाद सिएरा.ईवी उतारने की तैयारी कर रही है। साथ ही कंपनी अपने मौजूदा मॉडल में भी कई तरह के सुधार करने की योजना बना रही है। टाटा मोटर्स ने 2024-25 में करीब 65,000 इलेक्ट्रिक वाहन बेचे हैं। यह आंकड़ा 2023-24 की तुलना में 10 प्रतिशत कम है।

## कंपनी चालू वित्त वर्ष में कई नए मॉडल उतारेगी

### कंपनी लागत में कमी लाने पर काम कर रही

टाटा मोटर्स ने कहा कि वह प्रमुख बाजारों में अपने बिक्री नेटवर्क का विस्तार करने की भी योजना बना रही है। इसके तहत बड़े आकार के फॉर्मेट स्टोर पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके अलावा कंपनी कठिन माहौल में प्रतिस्पर्धात्मकता और लाभप्रदता सुनिश्चित करने के लिए लागत में कमी की दिशा में भी काम कर रही है।



### लक्ष्य हैच और एसयूवी उत्पाद में सुधार लाने पर

आंतरिक दहन इंजन यानी परंपरागत वाहन खंड पर, कंपनी ने कहा कि उसका लक्ष्य हैच और एसयूवी में उत्पाद में सुधार के साथ अपने सबसे मजबूत और सबसे नए पोर्टफोलियो का लाभ उठाना है। कंपनी का लक्ष्य व्यापक विपणन अभियान और ब्रांड जुड़ाव के माध्यम से ब्रांड के विचार को बढ़ाना है, ताकि ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाया जा सके।

### कंपनी ईवी पोर्टफोलियो को मजबूत करने जा रही

तिमाही नतीजों के बाद निवेशक प्रस्तुतीकरण में कंपनी ने कहा, 'हम नए मॉडल के साथ ईवी पोर्टफोलियो को मजबूत करने जा रहे हैं। साथ ही मौजूदा मॉडल के लिए भी मूल्य बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। कंपनी का इरादा इलेक्ट्रिक वाहनों को मुख्यधारा में लाने है। इसके लिए कंपनी बाजार विकास और पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगी।

*कंपनी का ध्यान ट्रक में एसी की सुविधा देने पर* *वाणिज्यिक वाहन कारोबार के बारे में कंपनी ने कहा कि उसे बेड़े के उपयोग में सुधार और बेहद वृहद आर्थिक संकेतकों के साथ एक स्थिर धारणा की उम्मीद है।'हम वैश्विक बाधाओं के बावजूद निरंतर वद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।'*

## खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े महंगाई की स्थिति नहीं दर्शाते

# मुद्रास्फीति के आंकड़े वास्तविक स्थिति बयां नहीं करते, व्यय सर्वेक्षण संशोधन जरूरी: अर्थशास्त्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*अर्थशास्त्रियों का कहना है कि खुदरा मुद्रास्फीति के मौजूदा आंकड़े महंगाई की वास्तविक स्थिति को नहीं दर्शाते और कीमत वृद्धि की सही तस्वीर प्राप्त करने के लिए मौजूदा 2011-12 के उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण में जल्द-से-जल्द संशोधन करने की जरूरत है।*

सब्जियों, फलों एवं दालों की कीमतों में नरमी आने से अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति की दर घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत पर आ गई है। लेकिन परिवार के शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मदों में बढ़ते खर्च को देखते हुए यह माना जा रहा है कि यह आंकड़ा महंगाई की स्थिति का सही बयां नहीं करता।

- सही तस्वीर पाने 2011-12 के उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण में संशोधन जरूरी
- पिछले सप्ताह फलों व सब्जियों की कीमतें छह साल के निचले स्तर पर थी



### भारांश व वस्तुओं में बदलाव जरूरी

जाने-माने अर्थशास्त्री और मद्रास स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स के निदेशक प्रो. एन आर भानुमूर्ति ने कहा, "यह माना जा रहा है कि खुदरा उपभोक्ताओं की खपत वस्तुओं की संरचना में बदलाव हुआ है। ऐसे में इसे जीवनयापन की लागत को दर्शाने के लिए भारांश और वस्तुओं में बदलाव की जरूरत है। अभी हम 2011-12 के उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण का इस्तेमाल कर रहे हैं और इसे जल्द-से-जल्द संशोधित करने की जरूरत है।"

*अमीर खाद्य वस्तुओं पर कम खर्च करते हैं* *इसका कारण मध्यम वर्ग, औद्योगिक श्रमिक या किसान अथवा कृषि श्रमिकों की खपत वाली वस्तुओं का प्रतिरूप अलग-अलग होता है। गरीब लोगों के लिए खाने के सामान का महत्व ज्यादा है। अमीर खाद्य वस्तुओं पर कम खर्च है।*

*नए सर्वेक्षण में खाद्य वस्तुओं का भारांश होगा कम : भानुमूर्ति ने कहा, "ऐसी उम्मीद है कि नये सर्वेक्षण में 2011-12 के मुकाबले खाद्य वस्तुओं का भारांश कम हो सकता है। इसी तरह कुछ नई वस्तुएं भी हैं जो औसत उपभोक्ताओं की खपत में शामिल हो सकती हैं।"*

### उद्योगपति व कारोबारी को महंगाई से लाभ होता है

आमदनी भी उतनी बढ़े तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा। अतः यह देखना पड़ता है कि किस-किस तबके पर क्या असर हुआ है। कुमार ने कहा, मुद्रास्फीति की दर सबके लिए एक नहीं है। यह निर्भर करता है कि आपकी खपत का स्तर क्या है। जो उद्योगपति हैं, कारोबारी हैं, उन्हें महंगाई से लाभ होता है क्योंकि उनका मुनाफा बढ़ता है। लेकिन आम लोगों को नुकसान होता है।

### अब खपत प्रतिरूप बदला है

लोग अब होटल, रेस्तरां में बाहर ज्यादा खाने लगे हैं...। स्कूल फीस, स्वास्थ्य पर खर्च बढ़ा है। इसीलिए खपत प्रतिरूप बदल रहा है और उसका भारांश भी बढ़ रहा है। इसमें समय-समय पर संशोधन होना चाहिए था। लेकिन अबतक नहीं हुआ है। उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण के तहत यह पता लगाया जाता है कि परिवार किस प्रकार की वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च करते हैं।

### हर पांच साल में होता है सर्वेक्षण

वर्तमान में 2011-12 के सर्वेक्षण के आधार पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का आकलन किया जाता है। यह सर्वेक्षण हर पांच साल में होता है। परिवारों के खपत व्यय पर पिछला सर्वेक्षण 2022-23 और 2023-24 (अगस्त-जुलाई) में किया गया और इसके आधार पर सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के लिए आधार वर्ष मौजूदा 2012 से संशोधित कर 2024 करने पर काम कर रहा है।

# क्रूज पर्यटन में महाशक्ति बन सकता है भारत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- समुद्री और नदी क्रूज पर्यटन का हो सकता है विस्तार

भारत में समुद्री और नदी क्रूज पर्यटन के क्षेत्र में महाशक्ति बनने की क्षमता है, हालांकि हवाई किराये में उतार-चढ़ाव और गुणवत्तापूर्ण होटलों की सीमित उपलब्धता जैसी बुनियादी संरचनागत कमियां घरेलू बाजार के लिए चुनौतियां पेश करती हैं।

थॉमस कुक इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) महेश अय्यर ने यह बात कही है। अय्यर ने बातचीत में कहा कि क्रूज अवकाश एक अत्यधिक व्यवहार्य यात्रा विकल्प के रूप में उभरा है, क्योंकि इनमें कई वीजा की जटिलताएं समाप्त हो गई हैं, तथा गंतव्यों के बीच निर्बाध यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इसमें एक ही साथ आवास, भोजन, मनोरंजन और दर्शनीय स्थलों की यात्रा की सुविधा भी उपलब्ध हो गई है। अय्यर ने कहा, "क्रूज़ भारत मिशन और मैरीटाइम इंडिया विज़न-2030 जैसी सरकारी पहल के साथ, हम इस क्षेत्र में सकारात्मक वृद्धि और विस्तार की उम्मीद करते हैं। इसके अलावा, देश के यात्रा और पर्यटन क्षेत्र के लिए बाधाओं को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनौतियों में बुनियादी ढांचे की कमी शामिल है, जैसे गुणवत्तापूर्ण होटलों की सीमित उपलब्धता, विशेष रूप से 3-सितारा प्लस श्रेणी में, जो कई क्षेत्रों में, विशेष रूप से कुछ उत्तरी हिल स्टेशनों में बाधा बनी हुई है।

# कंपनियों के परिणाम से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह मुख्य रूप से कंपनियों के बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के नतीजों, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के प्रवाह और वैश्विक रुख से तय होगी।

वैश्विक व्यापार करार से जुड़े घटनाक्रम और वैश्विक बाजारों की स्थिति पर भी सभी की निगाह रहेगी। मास्टर ट्रस्ट ग्रुप के निदेशक पुनीत सिंघानिया ने कहा, ''चूंकि भारत-पाकिस्तान तनाव अब शांत हो गया है और सभी प्रमुख भू-राजनीतिक घटनाएं पीछे छूट गई हैं, ऐसे में निवेशकों का ध्यान कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजों पर रहेगा।'' सिंघानिया ने कहा, ''इसके अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के जल्द पूरा होने की उम्मीदें बढ़ रही हैं, जिससे बाजार धारणा को और



- एफआईआई व वैश्विक रुख की भी होगी महत्वपूर्ण भूमिका

समर्थन मिल सकता है।'उन्होंने कहा कि घरेलू घटनाक्रम और प्रमुख वैश्विक आर्थिक आंकड़े भी निवेशकों के प्रवाह और बाजार की दिशा को प्रभावित करेंगे। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि भारत, अमेरिकी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत शुल्क कटौती करने को तैयार है और अमेरिकी तथा भारत के बीच एक व्यापार समझौता जल्द ही होने वाला है।

# भारत इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन का सबसे बड़ा बाज़ार

- लगातार दूसरे साल दुनिया का सबसे बड़ा बाजार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत लगातार दूसरे साल इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन के लिए दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है। बीते साल भारत में इलेक्ट्रिक तिपहिया की बिक्री लगभग 20 प्रतिशत बढ़कर लगभग सात लाख इकाई पर पहुंच गई है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।पेरिस स्थित ऊर्जा नियामक ने अपने 'वैश्विक ईवी परिदृश्य-2025' में कहा कि भारत वैश्विक इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन बाजार में सबसे अधिक वृद्धि को आगे बढ़ा रहा है। वैश्विक तिपहिया वाहन बाजार में पिछले वर्ष की तुलना में पांच प्रतिशत की गिरावट के बावजूद, इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन की बिक्री 2024 में 10 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 10 लाख वाहन को पार कर गई। इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन की बिक्री सभी तिपहिया वाहन बिक्री का लगभग एक-चौथाई है, जो 2023 में 20 प्रतिशत से अधिक था। यह बाजार अत्यधिक संकेन्द्रित है। इसमें चीन और भारत, दोनों की मिलाकर इलेक्ट्रिक और पारंपरिक तिपहिया वाहन की कुल बिक्री में 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है।

# बड़ी सीमेंट कंपनियों की बिक्री चौथी तिमाही में बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बड़ी सीमेंट कंपनियों की मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही में बिक्री की मात्रा बढ़ी है। इन कंपनियों का मानना है कि बेहतर बिक्री और स्थिर मांग के चलते वित्त वर्ष 2025-26 में भी उनका अच्छा प्रदर्शन जारी रहने की उम्मीद है।

अल्ट्राटेक, अंबुजा सीमेंट्स, एसीसी, श्री सीमेंट्स और डालमिया भारत जैसी प्रमुख सूचीबद्ध सीमेंट कंपनियों ने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर



सरकारी खर्च और ग्रामीण मांग में सुधार के चलते वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग सात से 7.5 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य बरकरार रखा है। हालांकि, ये कंपनियां भू-राजनीतिक तनाव और बदलते व्यापार परिदृश्य को लेकर सतर्क हैं। सीमेंट निर्माताओं ने मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 3.5 से 10 प्रतिशत तक बिक्री वृद्धि और क्षमता उपयोग में वृद्धि की सूचना दी।इन कंपनियों को आय के मोर्चे पर चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

### परिचालन मार्जिन में होगा सुधार

रेटिंग एजेंसी को उम्मीद है कि 2025-26 में सीमेंट कंपनियों के परिचालन मार्जिन में सुधार होगा। कंपनियों को सीमेंट की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी और कच्चे माल की लागत स्थिर रहने का लाभ मिलेगा।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देंखे ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

# स्मार्ट मोबाइल फोन निर्यात ने पेट्रोलियम व हीरे को पीछे छोड़ा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले तीन साल में अमेरिका को भारत का स्मार्टफोन निर्यात पांच गुना हो गया है। वहीं इस दौरान जापान को निर्यात चार गुना हो गया है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

इस तरह आज स्मार्टफोन निर्यात ने देश से पेट्रोलियम उत्पादों और हीरे के निर्यात को पीछे छोड़ दिया है। आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 में स्मार्टफोन निर्यात 55 प्रतिशत के उछाल के साथ 24.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो 2023-24 में 15.57 अरब डॉलर और 2022-23 में 10.96 अरब डॉलर था।

### स्मार्टफोन सबसे ज्यादा निर्यात वाला उत्पाद बना

जापान को निर्यात में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। जापान को निर्यात 2022-23 के 12 करोड़ डॉलर से 2024-25 में 52 करोड़ डॉलर हो गया। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, "इस तेज उछाल के साथ स्मार्टफोन भारत का सबसे ज्यादा निर्यात वाला उत्पाद बन गया है। इसने पहली बार पेट्रोलियम उत्पादों और हीरे को पीछे छोड़ दिया है।"

### शीर्ष पांच देशों में रहा सबसे ज्यादा निर्यात

बीते वित्त वर्ष में अमेरिका, नीदरलैंड, इटली, जापान और चेक गणराज्य शीर्ष पांच देश रहे जहां स्मार्टफोन निर्यात में सबसे ऊंची वृद्धि दर्ज हुई है। अकेले अमेरिका को 2024-25 में स्मार्टफोन का निर्यात 10.6 अरब डॉलर का हो गया। अमेरिका को स्मार्टफोन का निर्यात 2022-23 में 2.16 अरब डॉलर और 2023-24 में 5.57 अरब डॉलर रहा था।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दाश M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑंकोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हर्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 (छ.ग.) फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130




# पंजाब ने राजस्थान को 10 रन से दी मात, बरार 3 विकेट लेकर बने हीरो

एजेंसी ▶▶| जयपुर

पंजाब किंग्स की टीम नेहाल वढेरा और शशांक सिंह के आतिशी अर्धशतकों के बाद बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बराड़ के तीन विकेट की बदौलत रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में राजस्थान रॉयल्स को 10 रन से हराया । इस जीत से पंजाब किंग्स के 12 मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तरह 17 अंक हो गए हैं। इससे वह 2014 के बाद पहली बार तालिका में शीर्ष तीन स्थान की दौड़ में शामिल है। कोच रिकी पोंटिंग की टीम ने गुजरात की जीत से प्लेऑफ में स्थान सुनिश्चित कर ली है।



### नेहाल-शशांक की फिफ्टी

पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए वढेरा (70 रन) और शशांक (नाबाद 59 रन) के आतिशी अर्धशतकों की बदौलत पांच विकेट पर 219 रन बनाए। वढेरा ने महज 37 गेंद की पारी में पांच चौके और पांच छक्के जड़े। यह उनका आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी है। उनके अलावा शशांक सिंह ने 30 गेंद की नाबाद पारी के दौरान पांच चौके और तीन छक्के जमाए। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की जगह उतरे बराड़ ने गजब की गेंदबाजी की और 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे राजस्थान रॉयल्स की टीम सात विकेट पर 209 रन ही बना सकी।

### पावरप्ले का तूफान बेकार

राजस्थान की अपने घरेलू दर्शकों के सामने आखिरी मैच में जीत की उम्मीद पूरी नहीं हो सकी जबकि उसने लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार शुरुआत की थी। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (50 रन) और ध्रुव जुरेल (53 रन) के अर्धशतक के बावजूद राजस्थान की टीम सात विकेट पर विकेट पर 209 रन ही बना सकी जबकि पावरप्ले में टीम इस आईपीएल में 89 रन बनाकर अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। दोनों सलामी बल्लेबाजों जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी (40 रन) ने पहले विकेट के लिए 29 गेंद में 76 रन की भागीदारी निभाकर अच्छी शुरुआत की।

## लखनऊ और हैदराबाद के बीच मुकाबला आज

**लखनऊ।** लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अपने 'करो या मरो' मैच में जब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश बड़े अंतर से जीत हासिल कर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने की होगी। एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत अब तक के बेहद निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोडकर बल्ले से भी लय हासिल करना चाहेंगे। पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और वह प्रतिष्ठा के लिए खेलेगी। लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम के नाम 11 मैचों में 10 अंक है लेकिन नेट रन रेट माइनस 0.469 है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे अपने बचे हुए तीनों मैचों को बड़े अंतर से जीतना होगा।

खास खबर

## केकेआर अपनी हालत की खुद जिम्मेदारः फिंच



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया को पूर्व कप्तान एरोन फिंच ने केकेआर के प्लेऑफ से बाहर होने पर बड़ा बयान दिया है। फिंच का मानना है कि केकेआर अपनी हालत के खुद जिम्मेदार हैं। एरोन फिंच का कहना है कि केकेआर ने पिछले सीजन की अपनी कोर टीम को खो दिया, जिससे वह इस सीजन लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। आईपीएल 2025 में डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष करती नजर आई। एक सप्ताह के लिए आईपीएल रोकने जाने से पहले केकेआर को घर में सीएसके के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। इसके चलते आरसीबी के खिलाफ वह करो या मरो की स्थिति में थी।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 12 | 9 | 3 | 18 |
| बेंगलुरु | 12 | 8 | 3 | 17 |
| पंजाब | 12 | 8 | 3 | 17 |
| मुंबई | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 5 | 13 |
| कोलकाता | 13 | 5 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 10 |
| हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 |
| राजस्थान | 13 | 3 | 10 | 6 |
| चेन्नई | 12 | 3 | 9 | 6 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
617 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
21 विकेट
गुजरात

## आईपीएल : गुजरात का बिना विकेट गंवाए इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज

# गुजरात प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम, बेंगलुरु और पंजाब भी क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गुजरात टाइटंस आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। रविवार को खेले गए मुकाबले में टाइटंस ने दिल्ली केपीटल्स को 10 हिकेट से हरा दिया। गुजरात की इस जीत से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स भी प्लेऑफ में जगह बना चुकी हैं। गुजरात के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन शानदार शतक जमाया। कप्तान शुभमन गिल ने 93 रन की धमाकेदार पारी खेली। इससे लोकेश राहुल के शतक पर पानी फिर गया।

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में गुजरात ने 200 रन का टारगेट 19 ओवर में बिना किसी नुकसान के हासिल कर लिया। यह बिना विकेट गंवाए आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज है। साई सुदर्शन ने 61 बॉल पर नाबाद 108 रन बनाए, जबकि कप्तान शुभमन गिल ने 53 बॉल पर नाबाद 93 रन की पारी खेली। वे 7 रन से शतक चूक गए। दोनों ने 114 बॉल पर 205 रन की ओपनिंग साझेदारी की। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 199 रन बनाए थे। उसकी ओर से केएल राहुल ने 65 बॉल पर नाबाद 112 रन की पारी खेली।




### टाइटंस के 12 मैच में 18 अंक

गुजरात ने तालिका के शीर्ष पर जगह बनाई और इंडियन प्रीमियर लीग प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया। लगातार तीन जीत के साथ टाइटंस के 12 मैच में 18 अंक हो गए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स भी समान 12 मैच में 17-17 अंक के साथ प्ले ऑफ में पहुंची। दिल्ली की टीम 12 मैच में 13 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है और उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की राह मुश्किल होती जा रही है। दिल्ली ने पिछले छह मैच में सिर्फ एक जीत दर्ज की है।

### राहुल का शतक बेकार

राहुल ने 65 गेंद में चार छक्कों और 14 चौकों से नाबाद 112 रन की पारी खेलने के अलावा अभिषेक पोरेल (30) के साथ दूसरे विकेट के लिए 90 और कप्तान अक्षर पटेल (25) के साथ तीसरे विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी की जिससे दिल्ली ने तीन विकेट पर 199 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। राहुल ने 60 गेंद में अपना आईपीएल का पांचवा शतक भी जमाया। राहुल ने 33 रन बनाते ही टी20 क्रिकेट में अपने 8 हजार रन पूरे किए।

### गिल के 5000 टी20 रन

शुभमन गिल ने मैच में 93 रनों की नाबाद पारी खेली। गिल ने सत्र का छठा अर्धशतक जड़ा। इस मैच में गुजरात के कप्तान ने शानदार प्रदर्शन के साथ टी20 में 5000 रन पूरे कर लिए। उन्होंने 154 पारियों में यह कारनामा किया।

### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| लोकेश राहुल नाबाद | 112 | 65 | 14 | 4 |
| डु प्लेसी का सिराज बो अरशद | 05 | 10 | 0 | 0 |
| पोरेल का बटलर बो किशोर | 30 | 19 | 1 | 3 |
| अक्षर का किशोर बो प्रसिद्ध | 25 | 16 | 2 | 1 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 21 | 10 | 0 | 2 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 20 ओवर में 199/3
गेंदबाजी : सिराज 4-0-37-0, अरशद 2-0-7-1, रबादा 2-0-34-0, प्रसिद्ध 4-0-40-1, राशिद 4-0-32-0, किशोर 4-0-47-1.

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन नाबाद | 108 | 61 | 12 | 4 |
| शुभमन गिल नाबाद | 93 | 53 | 3 | 7 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 19 ओवर में 205 रन
गेंदबाजी : अक्षर 3-0-35-0, नटराजन 3-0-49-0, मुस्ताफिजुर 3-0-24-0, चमीरा 2-0-22-0, विपराज 4-0-37-0, कुलदीप 4-0-37-0.

## मनिका, मानव विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंचे



**दोहा।** भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने रविवार को यहां सीधे गेम में जीत के साथ विश्व चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश किया जबकि मानव ठक्कर ने भी अपने एकल अभियान की आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की। बाईसवीं वरीयता प्राप्त मनिका ने महिला एकल मुकाबले में नाइजीरिया की फातिमा बेलो पर 4-0 (11-5, 11-6, 11-8, 11-2) से शानदार जीत दर्ज की। यह मुकाबला सिर्फ 24 मिनट तक चला। अंतिम 64 दौर में उनके सामने कोरिया की पार्क गाहियोन की चुनौती होगा। भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष एकल खिलाड़ी ठक्कर ने भी शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में न्यूजीलैंड के टिमोथी चोई को 4-1 (11-3, 11-8, 6-11, 11-7, 14-12) से हराया।

### देसाई और साथियान हारे

हरमीत देसाई और जी साथियान की पुरुष युगल जोड़ी को हालांकि ऑस्ट्रिया के मैसीज कोलोडिजिक और मोल्दोवा के व्लादिस्लाव उर्सु से 1-3 (9-11, 12-10, 14-16, 10-12) से हार का सामना करना पड़ा। देसाई को मिश्रित युगल में भी यशस्विनी घोरपड़े के साथ मिलकर हार का सामना करना पड़ा। 14वीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी फ्रांस के थिबॉल्ट पोरेट और लीना होचार्ट के खिलाफ 2-0 की बढ़त का फायदा उठाने में विफल रही। भारतीय जोड़ी ने तीन मैच प्वाइंट भी गंवाते हुए 2-3 (11-8, 11-6, 10-12, 8-11, 10-12) से हार गई।

## खबर संक्षेप




### खेलो इंडिया : स्कूली खेल मार्शल आर्ट की शुरुआत

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को खेलो इंडिया पहल के दायरे को व्यापक बनाने की घोषणा की जिसमें इस साल से स्कूली खेल, मार्शल आर्ट, तटीय खेल और 'वाटर स्पोर्ट्स' शामिल होंगे। खेलो इंडिया का वार्षिक कैलेंडर लॉन्च करते हुए मांडविया ने कहा कि सरकार जल्द ही खेलो इंडिया खेलों और अन्य प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला शुरू करेगी जिसमें खेलो इंडिया 'नॉर्थ-ईस्ट गेम्स' भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना, जमीनी स्तर पर प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देना और प्रतिभाओं की पहचान के लिए साल भर के लिए रणनीतिक कार्यक्रम प्रदान करना है।

### ईसीबी ने डेटा विश्लेषकों को बर्खास्त कियाः रिपोर्ट

**लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से कुछ सप्ताह पहले अपने डेटा विश्लेषकों फ्रेडी वाइल्ड और नाथन लेमन को बर्खास्त कर दिया क्योंकि मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम अंतर्मन पर अधिक भरोसा करना चाहते हैं। इंग्लैंड का नया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र 20 जून को हेडिंग्ले में भारतीय टीम के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला से शुरू होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 'इंग्लैंड के दो वरिष्ठ क्रिकेट विश्लेषक नाथन लेमन और फ्रेडी वाइल्ड टीम का साथ छोड़ने जा रहे हैं। इससे पता चलता है कि राष्ट्रीय टीम आगे चलकर डेटा पर अधिक ध्यान नहीं देगी।'




### भारत ने बरकरार रखा सैफ अंडर-19 खिताब

**यूपिया।** भारत ने रविवार को यहां पेनल्टी शूट आउट में बांग्लादेश को 4-3 से हराकर सैफ अंडर-19 फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब बरकरार रखा। नियमित समय के बाद मुकाबला 1-1 से बराबर था जिससे नतीजे के लिए पेनल्टी शूट आउट का सहारा लेना पड़ा। भारत को दूसरे ही मिनट में कप्तान सिंगामायुम शमी ने बढ़त दिलाई लेकिन बांग्लादेश ने 61वें मिनट में मोहम्मद जॉय के गोल की बदौलत बराबरी हासिल कर ली।

हरभजन का बड़ा दावा

## असली फैन तो धोनी के, बाकी सोशल मीडिया वाले तो फर्जी




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महेंद्र सिंह धोनी सिर्फ एक क्रिकेटर नहीं हैं। पूर्व भारतीय कप्तान करोड़ों लोगों के लिए एक भावना बन चुके हैं। पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने महेंद्र सिंह धोनी के फैंस को लेकर बड़ी बात कही है। भज्जी के अनुसार सिर्फ धोनी के फैंस ही असली हैं। धोनी ने 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था। तब से वह सिर्फ आईपीएल में ही खेलते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के फैंस उन्हें प्यार से थाला कहते हैं और उनका जबरदस्त क्रेज है। जब भी धोनी बल्लेबाजी करने मैदान में उतरते हैं, तो स्टेडियम तालियों और शोर से गूंज उठता है। पीली जर्सी से भरे स्टैंड्स का नजारा किसी त्योहार से कम नहीं होता।

फैंस बस एक झलक पाने के लिए पागल हो जाते हैं और शोर का स्तर आसमान छूने लगता है। चाहे चेन्नई में हो या किसी और शहर में, जब सीएसके का मैच होता है और धोनी मैदान पर होते हैं, तो स्टेडियम खचाखच भर जाता है। घरेलू टीम से ज्यादा फैंस चेन्नई सुपर किंग्स के आते हैं। ये सब कुछ महेंद्र सिंह धोनी की वजह से ही होता है।

### सिर्फ धोनी के फैंस ही सच्चे

पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने महेंद्र सिंह धोनी के फैंस को लेकर बड़ी बात कही है। भज्जी के अनुसार सिर्फ धोनी के फैंस ही असली हैं। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए कहा- अगर किसी खिलाड़ी के असली फैन हैं, तो वो धोनी के हैं। बाकी तो आजकल सोशल मीडिया पर आधे फैन तो पैसे देकर बनाए जाते हैं। कितना बचा हुआ है और जब तक दम है खेलो भाई। अगर मेरी टीम होती तो मैं कुछ और फैसला लेता। लेकिन बात साफ है कि फैन तो चाहेंगे कि वो खेले, क्योंकि उनके फैन सच्चे हैं। सीएसके के फैन जो हैं, वो असली हैं। बाकी जो सोशल मीडिया पर दिखाई देते हैं, उनके नंबरों को छोड़िए, उन पर कभी बैठकर बात करेंगे। इस बार देखा जाए तो धोनी ने ठीक-ठाक खेला है। हरभजन सिंह की बातें सुनकर उनके साथ बैठे आकाश चोपड़ा भी सहमत थे। उन्होंने कहा- इतना भी सच नहीं बोलना था।

## बाबर और रिजवान की टी20 टीम में हो वापसी

**कराची।** पाकिस्तान के सीमित ओवरों के नए कोच माइक हेसन चयनकर्ताओं द्वारा टी20 प्रारूप के लिए नजरअंदाज किये गये अनुभवी बल्लेबाजों बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान के करियर को खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में एक बार फिर से परखना चाहते हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से जुड़े एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि हेसन ने इस सप्ताह चयनकर्ताओं से बातचीत में बाबर और रिजवान की टी20 टीम में वापसी की वकालत की है। इन दोनों पूर्व कप्तान और सीनियर खिलाड़ियों को अप्रैल में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए बाहर कर दिया गया था। न्यूजीलैंड दौरे से पहले रिजवान को राष्ट्रीय टी-20 कप्तान के पद से हटा दिया गया था और उनकी जगह सलमान अली आगा को कप्तान बनाया गया था। न्यूजीलैंड में पाकिस्तान की टीम 1-4 से हार गई थी। उससे पहले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में भी उसे हार सामना करना पड़ा था।



## भारत में खेलने के लिए वीजा गारंटी चाहता है पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶| कराची

पाकिस्तान हॉकी महासंघ चाहता है कि एशियाई हॉकी महासंघ भारत में 27 अगस्त से सात सितंबर तक होने वाले एशिया कप में भाग लेने के लिए उसके दल के लिए वीजा की गारंटी दे। यह जानकारी पीएचएफ के एक अधिकारी ने दी। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव के कारण राजगीर (बिहार) में होने वाले टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी गंभीर संदेह में है और हॉकी इंडिया ने कहा है कि वह इस मामले पर सरकार के परामर्श का इंतजार कर रहा है।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा, 'अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी लेकिन हम इस मुद्दे पर सरकार के निर्देशों का पालन करेंगे, जैसा कि पहले भी होता रहा है। हाल ही में पहलगाम में हुए बर्बर हमले और उसके बाद भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद हम अभी कुछ भी भविष्यवाणी नहीं कर सकते हैं।' पीएचएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एशिया कप पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले पुरुष विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है।



## भांबरी और गैलोवे बोर्डो चैलेंजर में बने उपविजेता

**नई दिल्ली।** भारत के युकी भांबरी और अमेरिका के उनके जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे रविवार को यहां बोर्डो में एटीपी चैलेंजर स्पर्धा के रोमांचक खि ता बी मुकाबले की चुनौती से निपटने में नाकाम रहे। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय और अमेरिकी खिलाड़ियों की जोड़ी पुर्तगाल के फ्रांसिस्को कैब्राल और ऑस्ट्रिया के लुकास मिडलर की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 6-7(1), 6-7(2) से हार गई। भारत के एन श्रीराम बालाजी और सुमित नागल इस क्ले कोर्ट टूर्नामेंट का हिस्सा थे लेकिन वे अपने-अपने मुकाबलों में अलग-अलग चरणों में हार गए।



### भारत के पूर्व कोच शास्त्री का फैसला साबित हुआ 'मास्टर स्ट्रोक'

# रोहित के मध्यक्रम में ऊबने पर बनाया सलामी बल्लेबाज


एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि भारत के पूर्व टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते समय ऊब जाते थे इसलिए उन्होंने 2019 में 'हिटमैन' को सलामी बल्लेबाज बनाने का फैसला किया।

शास्त्री का यह फैसला 'मास्टर स्ट्रोक' साबित हुआ और इसने पारंपरिक प्रारूप में रोहित के करियर को नया मोड़ दिया। शास्त्री 2017 में भारत के मुख्य कोच बने और 2021 में उन्होंने राहुल द्रविड़ को कमान सौंप दी। उनके चार साल के कार्यकाल के दौरान रोहित भारत के सबसे आक्रामक टेस्ट सलामी बल्लेबाज में से एक बन कर उभरे।

### 2019 विश्व कप में किया पारी का आगाज

रोहित ने हाल ही में खेल के इस पारंपरिक प्रारूप को अलविदा कह दिया। उन्होंने अपने शानदार करियर में 67 मैचों में 12 शतक और 18 अर्धशतक की मदद से 4,301 रन बनाए। शास्त्री ने कहा कि उन्होंने 2019 विश्व कप के दौरान ही रोहित का इस्तेमाल टेस्ट में सलामी बल्लेबाज के रूप में करने का फैसला कर लिया था। वह इस विश्व कप में पांच शतक और 81 की औसत से 648 रन बनाकर टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। इस पूर्व ऑलराउंडर ने कहा कि उन्होंने तत्कालीन कप्तान विराट कोहली के साथ रोहित को सलामी बल्लेबाज के तौर पर आगे बढ़ाने के विचार पर चर्चा की थी। रोहित को तुरंत सफलता मिली, उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शीर्ष क्रम में अपने पहले टेस्ट में दो शतक जड़े।



### पहली बार पारी का आगाज करते बनाया शतक

शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' में कहा, 'चार, पांच नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए यह लड़का ऊब जाता था। मैंने फिर इस पर विचार करना शुरू किया कि वह वनडे क्रिकेट में इतना सफल क्यों है? वह बल्लेबाजी के लिए मैदान पर जल्दी जाना पसंद करता है। मैंने सोचा कि अगर उसे पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा जाए तो उसके पास तेज गेंदबाजों को खेलने, शॉट लगाने के लिए पर्याप्त समय होगा। मैं अगर गलत नहीं हूं तो यह फैसला अगस्त 2019 में लिया गया था। उस विश्व कप के बाद। विश्व कप में उसने शानदार बल्लेबाजी की थी। इसलिए उनका फॉर्म बहुत अच्छा था। उसने इसके बारे में कुछ समय तक विचार किया होगा। वह इससे असहज नहीं था। उसने पारी का आगाज करते हुए अपने पहले टेस्ट मैच में शतक जड़ा था। मैं अगर गलत नहीं हूं, तो उन्होंने पहली पारी में 100 रन बनाए और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा क्योंकि वह इसका लुत्फ उठाने लगा था।'



Cheil-26363/25


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com